विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 58 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 28 नवंबर 2025 डाक 29 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
शिवराज सिंह चौहान को पंजाब के मोगा में किसानों और गांववालों के साथ बातचीत के दौरान खाना परोसा जा रहा है....


**देश-विदेश**
दशकभर से बीमार युवक के इच्छामृत्यु की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, नोएडा जिला अस्पताल को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश


**फीचर पेज**
सर्दियों के दौरान इन फलों का करें सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता होगी मजबूत


# सिर्फ आधार कार्ड से बने जन्म प्रमाण होंगे रद्द महाराष्ट्र-यूपी सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश

**मुंबई, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र सरकार ने एक आदेश जारी कर कहा है कि राज्य में देरी से बनने वाले जन्म प्रमाण पत्र के लिए आधार कार्ड को दस्तावेज नहीं माना जाएगा। साथ ही सरकार ने अगस्त 2023 के बाद से सिर्फ आधार कार्ड के जरिए बने सभी जन्म प्रमाण पत्र को भी रद्द करने का निर्देश दिया है। दरअसल सरकार ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र बनने से रोकने के लिए यह आदेश जारी किया है। सरकार का कहना है कि अवैध कामों में इन फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल हो रहा है। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सभी संदिग्ध दस्तावेजों को भी रद्द करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, जिन्होंने फर्जी दस्तावेज जारी किए। राजस्व विभाग ने राज्य के सभी तहसीलदार, एसडीओ और जिला आयुक्तों और मंडल आयुक्तों को भी 16 बिंदुओं में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत आधार कार्ड को जन्म प्रमाण पत्र के लिए सबूत नहीं माना जा सकता। राजस्व मंत्री बावनकुले ने ये भी कहा कि आवेदक की जानकारी और आधार कार्ड की तारीख में कोई भी गड़बड़ी पाई गई तो पुलिस केस दर्ज किया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति असल दस्तावेज पेश नहीं कर पाता है तो उसके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।



दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को अवैध प्रवासियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएँ हैं और किसी भी अवैध गतिविधि को सहन नहीं किया जाएगा। सरकारी बयान के अनुसार, सभी जिलों को अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध प्रवासियों की पहचान कर नियमों के अनुसार कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही हर जिले में अस्थायी निरुद्ध केंद्र बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जहाँ विदेशी नागरिकता वाले अवैध प्रवासियों को सत्यापन पूरा होने तक रखा जाएगा। सत्यापन के बाद उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनके मूल देश भेज दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश की नेपाल से खुली सीमा होने के कारण नेपाली नागरिकों का आवागमन बिना प्रतिबंध के है, जबकि अन्य देशों के नागरिकों के लिए जांच आवश्यक है। यह निर्देश ऐसे समय दिए गए हैं जब देशभर में चल रही SIR प्रक्रिया के तहत 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष संशोधन का काम चल रहा है, जिसकी अंतिम सूची 7 फरवरी 2026 को जारी होगी।

### पिता के जिंदा होने का नहीं मिला सबूत

## इमरान खान के बेटे कासिम ने शहबाज सरकार पर लगाया बड़ा आरोप



**लंदन, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लंबे समय से उनके परिवार से नहीं मिलने दिया गया है। इसी मामले को लेकर इमरान खान के छोटे बेटे कासिम खान ने एक सार्वजनिक अपील में शहबाज शरीफ की सरकार पर अपने पिता को पूरी तरह से अलग-थलग रखने और परिवार की पहुंच से दूर करने का आरोप लगाया है। एक्स पर एक कड़े शब्दों वाली पोस्ट में उन्होंने कहा कि परिवार के पास उनके जिंदा होने का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने पोस्ट में चेतावनी दी कि पिता इमरान की सुरक्षा के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इमरान खान के बेटे कासिम राजनीति से दूर हैं और ज्यादातर पाकिस्तान से बाहर रहते हैं। कासिम ने बताया कि इमरान खान 845 दिन से गिरफ्तार रहे हैं और अब छह हफ्तों से मौत की सजा वाली कोठरी में बंद हैं। पूर्व क्रिकेट स्टार और राजनेता इमरान खान को कई मामलों में जेल की सजा सुनाई गई है, जिन्हें उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राजनीति से प्रेरित बताती है। उनके बेटे कासिम और सुलेमान, अपनी मां जेमिमा गोल्डस्मिथ के साथ ब्रिटेन में पले-बढ़े हैं। वे पाकिस्तानी राजनीति पर सार्वजनिक रूप से शायद ही कभी टिप्पणी करते हैं। पाकिस्तान सरकार ने एक महीने से ज्यादा समय से इमरान खान से परिवार के मिलने पर अघोषित प्रतिबंध लगा रखा है। कासिम ने कहा कि इमरान खान को तमाम अदालती आदेशों के बावजूद बुनियादी अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने लिखा, उनकी बहनों को मिलने नहीं दिया गया। न फोन किया गया, न मुलाकात हुई और न ही उनके जिंदा होने का कोई सबूत मिला। उन्होंने कहा, मेरा और मेरे भाई का अपने पिता से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। कासिम ने पाकिस्तान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, यह पूरी तरह से ब्लैकआउट कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं है। यह उनके हालात को छिपाने और हमारे परिवार को यह जानने से रोकने की एक जानबूझकर की गई कोशिश है कि वह सुरक्षित हैं या नहीं।

## मायावती को बिहार में लगा बड़ा झटका बीएसपी के प्रदेश प्रभारी ने छोड़ी पार्टी

**पटना 28 नवंबर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एक सीट जीतने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बसपा के बिहार प्रभारी अनिल कुमार ने अपने पद एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। बसपा प्रमुख मायावती को लिखे पत्र में उन्होंने अपने इस्तीफा को लेकर निजी कारणों का हवाला दिया है। वहीं, अपने कार्यकाल के दौरान मिले स्नेह, सहयोग और मार्गदर्शन के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार भी जताया है। एक दिन पहले अनिल कुमार की मौजूदगी में पटना के महाराजा कॉम्पलेक्स स्थित सभागार में बिहार चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इसमें बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे एवं राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद के अलावा राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम सहित अन्य नेता शामिल हुए थे।

## कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की साजिश रचने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार, गोल्डी-ढिल्लों गैंग से है कनेक्शन

**दिल्ली 28 नवंबर।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कनाडा में कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर गोलीबारी की साजिश रचने के मामले में गैंगस्टर बंधु मान सिंह को गिरफ्तार किया है। वह गोल्डी ढिल्लों गिरोह का एक कुख्यात अपराधी है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, उसके पास से एक चीनी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त, अपराध



सुरेन्द्र कुमार मामले को लेकर दोपहर में प्रेस कॉफ्रेंस करेंगे। कपिल शर्मा के कनाडा स्थित 'कैप्स कैफे' पर पहली बार फायरिंग जुलाई में और दूसरी बार फायरिंग अगस्त महीने में हुई थी। दिवाली से पहले तीसरी बार कपिल के कैफ पर फायरिंग की गई है।

कपिल शर्मा के कैफे पर पहले हुई फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी, तीसरी बार भी हमले की जिम्मेदारी इसी गैंग ने ली है। यह गिरोह बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां देने के लिए चर्चा है।

### व्हाइट हाउस के पास आतंकी हमले के बाद ट्रंप का ऐलान

## तीसरी दुनिया के लोगों अमेरिका में नहीं आने दूंगा




**वाशिंगटन, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

हाल में ही अमेरिका के राष्ट्रपति आवास के पास एक अफगानी नागरिक ने दो नेशनल गार्ड जवानों पर गोली चला दी। इस हमले को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने आतंकी घटना बताया था। गोलीबारी में 20 साल की बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई है।

इस बीच डोनल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर एक पोस्ट करते हुए एलान किया कि वह तीसरी दुनिया के सभी देशों से माइग्रेशन को हमेशा के लिए रोक देंगें, जिससे स सिस्टम पूरी तरह से ठीक हो सके। माना जा रहा है कि ट्रंप के इस फैसले का बहुत बड़ा असर होगा। इसका प्रभाव उन लोगों पर पड़ेगा, जो नौकरी, पढ़ाई और अपने देशों में जुल्म से बचने के लिए यूएस आते हैं। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि यूएस ने टेक्नोलॉजी में तरक्की की है, लेकिन उसकी इमिग्रेशन पॉलिसी ने उन फायदों और कई लोगों के रहने के हालात को खत्म कर दिया है। आगे कहा कि मैं यूएस सिस्टम को पूरी तरह से ठीक होने देने के लिए सभी तीसरी दुनिया के देशों से माइग्रेशन को हमेशा के लिए रोक दूंगा। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने कहा कि बाइडेन के लाखों गैर-कानूनी एडमिशन को खत्म कर दूंगा, जिसमें स्लीपी जो बाइडेन के ऑटोपेन से साइन किए गए एडमिशन भी शामिल हैं और ऐसे किसी भी व्यक्ति को हटा दूंगा जो यूनाइटेड स्टेट्स के लिए नेट एसेट नहीं है, या हमारे देश से प्यार करने में असमर्थ है। उन्होंने ऐलान किया कि वह गैर-अमेरिकियों के लिए सभी फेडरल फायदे और सब्सिडी को खत्म कर देंगे। घरेलू शांति को कमजोर करने वाले माइग्रेंट्स को समाप्त किया जाएगा। साथ ही किसी भी विदेशी नागरिक को डिपोर्ट किया जाएगा, जिसकी अमेरिका में कोई आवश्यकता नहीं है। हाल में ही व्हाइट हाउस के पास एक अफगानी नागरिक ने गोलीबारी की। इस हमले में दो नेशनल गार्ड्स घायल हो गए।

## माता-पिता के तलाक के बाद साथ रहें बच्चें सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी, चिंता भी जताई



**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर किसी दंपती के बीच झगड़ा होता है और मामला तलाक तक पहुंचता है, तो ऐसे में भाई बहनों को साथ में रहना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। दरअसल, मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब कोई दंपती जिसके दो बच्चे हैं, किसी शादी के झगड़े की वजह से अलग रहने लगते हैं, तो बच्चे भी अलग हो जाते हैं, जिसमें एक माँ के साथ और दूसरा पिता के साथ रहता है। इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि क्या माता-पिता के बीच की दिक्कतों की वजह से भाई-बहनों को अलग-अलग रहने में क्यों तकलीफ उठानी चाहिए। वहीं, कोर्ट ने कहा कि उन्हें साथ रहना और आगे बढ़ना चाहिए।

## जिंदा नौकर को मुर्दा बताकर हड़पना चाहता था 50 लाख रुपये, चिता पर रखी लाश तो खुला राज



**ब्रजघाट (हापुड़) 28 नवंबर।** हापुड़ में पालिका एवं दाह संस्कार करने वाले लोगों की सतर्कता से एक बड़ा फर्जीवाड़ा होने से बच गया है। वहीं, आने वाले समय में नौकर की जान को भी खतरा पैदा होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। इस पूरे प्रकरण में कदम दर कदम फर्जीवाड़े का उपयोग किया गया है। कमल सोमानी ने जिस तरह जीवित नौकर को मृत दर्शाकर उसके स्थान पर डमी का अंतिम संस्कार कर 50 लाख रुपये हड़पने की साजिश रची। इसके पीछे कई सवाल खड़े हो गए है। यदि पालिका कर्मचारियों और दाह संस्कार करने वाले लोग थोड़ा सा भी चूक जाते तो वह अपने मकसद में कामयाब हो गया था। जिस समय चिता पर डमी देखी तो वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।

इसके बाद उसने अपने बचाव के लिए अस्पताल कर्मचारियों पर शव के बदले डमी देने का आरोप गला दिया और विलाप करने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने उसने अपने नौकर के बीमार होने और अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होने की बात कही। इस दौरान उसने अस्पताल के दस्तावेज भी दिखाए। इसको देख पुलिस भी परेशान हो उठी। इस बीच पुलिस ने जैसे ही उसकी कार की तलाशी ली तो उसके अंदर दो डमी और निकली, जिसके बाद पुलिस की जांच करने की दिशा ही बदल गई। उन्होंने दोनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो पूरा प्रकरण खुलकर सामने आ गया।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी में डॉ. शाहीन के करीबियों से कई घंटे पूछताछ

### मुजम्मिल के तीन बेडरूम वाले घर भी पहुंची एनआईए




**फरीदाबाद, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

एनआईए की टीम रात को डॉ. शाहीन को लेकर अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची। यूनिवर्सिटी में शाहीन के संपर्क में आने वाले सभी लोगों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। इसके बाद टीम शाहीन को खोरी जमालपुर गांव भी लेकर गई, जहां पर वह डॉक्टर मुजम्मिल से निकाह के बाद तीन बेडरूम वाले मकान में रही थी। यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर भूपेंद्र कौर से भी शाहीन के सामने पूछताछ हुई। करीब चार घंटे तक शाहीन को और भी कई जगह ले जाया गया। इसके बाद टीम शाहीन को वापस दिल्ली ले आई। शाहीन पर देश विरोधी गतिविधियों के मामले में शाहीन पर टेरर मॉड्यूल खड़ा करने का आरोप है।

दिल्ली के लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के आरोपी आतंकी डॉ. मुजम्मिल ने धौज और फतेहपुर तगा के अलावा मुस्लिम बहुल खोरी जमालपुर में भी ठिकाना बनाया था। इसके लिए उसने पूर्व सरपंच जुंबा का मकान किराये पर लिया था। मुजम्मिल ने खुद को कश्मीरी सेब का व्यापारी बताया था, सरपंच से उसने कहा था कि उसको सेब रखने के लिए मकान की जरूरत है। पूर्व सरपंच जुंबा की मुलाकात मुजम्मिल से अल फलाह अस्पताल में हुई थी।

वह भतीजे के इलाज के लिए अस्पताल गया था। उसका भतीजा कैंसर से जूझ रहा था। इस दौरान मुजम्मिल ने जुंबा से संपर्क बढ़ाया। कश्मीर से सेब भंडारण के लिए नहीं आए तो जुंबा ने मुजम्मिल से पूछताछ की, इसके बाद उसने मकान खाली कर दिया था। कई बार मुजम्मिल अपने साथ शाहीन को भी इस मकान पर लेकर आया था। मुजम्मिल ने शाहीन से यूनिवर्सिटी परिसर स्थित मस्जिद में निकाह किया था।

## दुष्कर्म मामले में फंसे निलंबित विधायक राहुल ममकुटाथिल के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस तलाश में जुटी



**तिरुवनंतपुरम।** दुष्कर्म के आरोपों में फंसे केरल कांग्रेस के निलंबित विधायक राहुल ममकुटाथिल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने विधायक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। तिरुवनंतपुरम के वलियामाला पुलिस स्टेशन में यह मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले पीड़िता ने मुख्यमंत्री पी विजयन से मुलाकात कर अपनी शिकायत दी थी। इसके बाद गुरुवार रात में पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए और शुक्रवार सुबह मामला दर्ज कर लिया।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## श्रीलंका में बाढ़-भूस्खलन से 56 लोगों की मौत, 600 से ज्यादा घर तबाह, स्कूल-दफ्तरों को बंद किया गया



**श्रीलंका, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

श्रीलंका में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के चलते हालात काफी बिगड़ चुके हैं। देशभर में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। बिगड़ते हालात को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया। पिछले सप्ताह से ही श्रीलंका खराब मौसम से जूझ रहा है। हालांकि, गुरुवार को मूसलाधार बारिश ने यहां तबाही मचा दी। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए।

इसके चलते कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। सरकार के मुताबिक, सबसे ज्यादा तबाही बदुल्ला और नुवारा एलिया के पहाड़ी चाय उत्पादन क्षेत्रों में दिखी, जहां गुरुवार को ही 25 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार इन दो क्षेत्रों में 21 लोग लापता हैं, जबकि 14 घायल बताए जा रहे हैं। देश के अन्य हिस्सों में भी भूस्खलनों से कई लोगों की जान गई है। लगातार तेज बारिश से अधिकतर नदियां और जलाशय उफान पर हैं। इसके चलते कई सड़कें बंद हैं। चट्टानें, पेड़ और मिट्टी गिरने से कई रास्ते और रेलवे ट्रैक बंद हो गए। इसी वजह से यात्री ट्रेनों की सेवाएं भी रोक दी गईं। स्थानीय टीवी चैनलों पर गुरुवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें वायुसेना का एक हेलिकॉप्टर बाढ़ में फंसे घर की छत पर खड़े तीन लोगों को बचाता दिखा। वहीं नौसेना और पुलिस नावों की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही है। एक और दिल दहला देने वाली घटना में, अम्पारा के पास बाढ़ में एक कार बह गई, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

### चक्रवात सेंयार और बंगाल की खाड़ी के दबाव से दक्षिण भारत में संकट गहराया, कई राज्यों में अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** नवंबर के अंतिम सप्ताह में मौसम अचानक करवट ले चुका है। चक्रवात सेंयार व बंगाल की खाड़ी की दबाव प्रणाली के दोहरे प्रभाव से दक्षिण भारत मौसमी संकट में घिर रहा है। दक्षिण-पूर्व एशिया के समीप सक्रिय चक्रवात सेंयार इंडोनेशिया के उत्तर-पूर्व समुद्र तट एवं मलक्का जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहा है और इसके गहरे दबाव (डीप डिप्रेशन) में बदलने की आशंका है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी में विकसित एक अन्य दबाव क्षेत्र के भी 12 घंटों में गहरे दबाव में बदलने और तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ने का अनुमान है। इससे भारी बारिश और तेज हवाओं का खतरा बढ़ा है।

## प्रीतेश से मारपीट,तीन पकड़ाए

**कोरबा ।** जिला के ऊर्गा पुलिस थाना अंतर्गत भारतमाला सड़क पर 22 नवम्बर को प्रीतेश मिर्जा को रोकर मारपीट करने और रुपए लूटने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में आकाश लहरें, आकाश ज्वाला, सूरज खूंटे और एक नाबालिग शामिल है। एडिशनल एसपी नीतेश ठाकुर ने बताया कि अपने शौक पूरे करने के लिए आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के और भी साथियों की भूमिका की जानकारी मिली है और उनकी तलाश की जा रही है।

## रोजगार नहीं,गेवरा में दिया धरना

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं में विस्थापित परिवारों की समस्याएं लंबा अरसा बीतने के बाद भी नहीं सुलझा सकी है। ऐसे लोगों को सुविधा प्राप्त करने के लिए चक्कर तो लगाने पड़ रहे हैं लेकिन उन्हें परिणाम के बजाय आश्वासन ही मिल सके हैं। इसी से नाराज एक विस्थापित परिवार में एसईसीएल गेवरा के महाप्रबंधक कार्यालय में ही धरना दे दिया। कोयला खदान को शुरू करने या विस्तारित करने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को हर कीमत पर लोगों की जमीन चाहिए चाहे उस पर खेती हो या लोग खुद रह रहे हो अथवा उनकी दुकानदारी चल रही हो। कंपनी को इस बात से कोई मतलब नही रह गया है कि जमीन अर्जित करने के बाद संबंधित लोगों को किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा और उनकी जीविका कैसे चलेगी। ललित महिलांगे और उसके परिवार के लोग कुछ इसी प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। अल्टीमेटम देने के बाद उन्होंने गेवरा क्षेत्र कार्यालय में ही धरना दे दिया। उनके सामने बहुत सारी समस्याएं हैं और इनका आरोप है कि प्रबंधन ने जमीन लेने के बाद हमारे परिवार को भुला दिया है। इसलिए हम सभी चीजों को याद करने के लिए धरना देने के लिए मजबूर हुए है।

## 15 मामलों में की सुनवाई

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा कोरबा जिले में महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर आधारित प्रकरणों की सुनवाई की गई। आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर किरण नायक और सदस्य भी यहां पर मौजूद रहे। अध्यक्ष ने बताया कि आयोग अब तक 354 सुनवाई कर चुका है। कोरबा में आयोजित इस सुनवाई में 15 प्रकरण आए हैं। उन्होंने बताया कि डॉग फीडिंग से जुड़े एक मसाले में यह जानकारी मिली कि आपसी रंजिश के कारण किसी के द्वारा शिकायत की गई।

## कई लोगों को लगाई चपत

**कोरबा।** रायगढ़ के रहने वाले विजय कुशवानी पर कई लोगों ने ठगी करने का आरोप लगाया है। इनमें से कई लोग कोरबा के रहने वाले हैं। यह लोग गुरुवार को कोतवाली पहुंचे और इस मामले को लेकर शिकायत की। बताया गया कि विजय ने दुकानदारों से परिचय प्राप्त करने के साथ बच्चे हुए सामान की बिक्री करने का ऑफर दिया और उसके बाद धनराशि देने की बात की। कई लोगों ने इस चक्कर में उसे लाखों का सम्मान दे दिया लेकिन अब विजय का आता-पता नहीं है।

## चार ट्रेड का शुभारंभ

**कोरबा।** जिप्सा और वोकेशनल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट ने युवाओं को चार ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए अनुबंध किया है। कोरबा जिले के कुचेना में प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्था की गई है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम मैं फायर सेफ्टी के अलावा फिटर , वेल्डर और इलेक्ट्रीशियन जैसे ट्रेड शामिल किए गए हैं। कोरबा के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में लॉन्चिंग सेरिमनी की गई। कोलकाता से पहुंचे इंडियन आयरन काउंसिल के प्रतिनिधि शशांक शेखर ने बताया कि युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है और हम इसके लिए अखिल भारतीय स्तर पर काम कर रहे हैं।

## कुसमुण्डा में मनाया संविधान दिवस

कोरबा। जिले के कोयलांचल कुसमुण्डा में 76वें संविधान दिवस पर औपचारिक कार्यक्रम किया गया । विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग यहां पर पहुंचे और संविधान की प्रस्तावना पढ़ने के साथ इसका हर हाल में पालन करने की शपथ ली ।

## 50 हाथियों के झुंड में 19 बच्चे, फसल कर रहे नष्ट

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा में हाथियों की संख्या फिर से 50 हो गई है। हाथी 5 झुंड में घूम रहे हैं। इनमें 19 बच्चे भी हैं। हाथियों ने 30 किसानों की धान और सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचाया है। साथ ही बाड़ी में लगे दो बोर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। धरमजयगढ़ वन मंडल से लगातार हाथियों का आना जारी है। कुदमुरा और करतला रेंज इसकी सीमा में है। इस वजह से हाथी रात में कभी भी इस क्षेत्र में पहुंच जाते हैं।करतला के नवापारा में 12 हाथियों ने घिनारा के 3 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। केराकछार में घूम रहे 5 हाथी अभी शांत हैं। दूसरे झुंड में 19 हाथी हैं। रात के समय हाथियों ने सेंद्रीपाली और बांधापाली में 12 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथी बाड़ी में लगे बोर को भी तोड़ रहे हैं। इसके पहले भी यहां सोलर पैनल को भी तोड़ चुके हैं। केरवाद्वारी में 2 हाथी पहुंचे हैं। एतमानगर गए 12 हाथी फिर से बालको रेंज पहुंच गए हैं। हाथियों ने फुटका पहाड़ क्षेत्र में 15 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

## आत्मानंद स्कूल एनसीडीसी में आधार शिविर कल 10 बजे

**कोरबा।** भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग की ओर से स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल एनसीडीसी में 29 नवंबर को सुबह 10 बजे से आधार शिविर आयोजित है। इसमें आधार एनरोलमेंट और अपग्रेडेशन संबंधी सेवाएं दी जाएंगी। लोग नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं। पुराना आधार कार्ड में किसी प्रकार का सुधार भी करा सकेंगे। बच्चों का 5 से 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन जरूरी है। बच्चों का भी नि:शुल्क में अपग्रेडेशन किया जाएगा। क्षेत्र के नागरिक शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी

**कोरबा।** जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में संविधान दिवस पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन कराया। सभी को भारतीय संविधान के महत्व उसके मूल आदर्श और मूल्यों से अवगत कराया। जिला पंचायत सीईओ नाग ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, जो प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार देता है। उन्होंने सभी अधिकारी और कर्मचारियों से संविधान में निहित मौलिक अधिकार और कर्तव्य को प्रति सजा रहते हुए कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

# कोरबा जिले के छात्रावासों के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का राज्य सेवा परीक्षा में चयन कलेक्टर अजीत वसंत ने दी बधाई



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा परीक्षा 2024 के घोषित परिणामों में कोरबा जिले के प्री/पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावासों में अध्ययनरत रहे तीन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। इन उपलब्धियों ने न केवल जिले का मान बढ़ाया है, बल्कि आदिवासी विकास विभाग के लिए भी यह गौरव का क्षण है। सफल तीनों युवाओं को कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

सफल अभ्यर्थियों में श्री मेवा लाल, पिता श्री बाबू लाल, वर्ष 2010 से 2016 तक प्री/पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास करतला में रहकर अध्ययनरत रहे। उन्होंने राज्य सेवा परीक्षा 2024 में समाज कल्याण विभाग में सहायक संचालक के प्रतिष्ठित पद पर चयन हासिल किया है। श्री संजय कुमार, पिता श्री बाबू लाल, जिन्होंने 2010 से 2016 तक प्री/पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास करतला में अध्ययन किया, ने भी इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वित्त एवं योजना विभाग के अधीनस्थ लेख सेवा अधिकारी के पद पर स्थान प्राप्त किया है। वहीं, श्री श्रीकांत कंवर, पिता स्वर्गीय श्री श्यामलाल कंवर, वर्ष 2012 से 2014 तक पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोरबा में अध्ययनरत रहे। उन्होंने राज्य सेवा परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर वाणिज्य कर विभाग में राज्य कर निरीक्षक के पद पर चयनित हुए हैं।

आदिवासी विकास विभाग जिला कोरबा की ओर से तीनों प्रतिभाशाली युवाओं, उनके परिवारों तथा छात्रावास प्रबंधन को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई हैं। विभाग ने विश्वास व्यक्त किया है कि छात्रावासों के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरक साबित होगी और आने वाले समय में भी जिले, समुदाय एवं राज्य का सम्मान बढ़ाने वाली सफलताएँ मिलती रहेंगी। तीनों चयनित अभ्यर्थियों ने आज कोरबा जिले के कलेक्टर श्री अजीत वसंत से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने उन्हें सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, श्री श्रीकांत कसेर भी उपस्थित थे। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों का भ्रमण भी कराया।

## रेलवे स्टेशन में सुविधाओं का विस्तार हो रहा धीमी रफ्तार से

**कोरबा ।** अमृत भारत स्टेशन योजना में कोरबा रेलवे स्टेशन शामिल है। योजना के तहत आंतरिक व बाह्य विद्युतीकरण का काम मई 2023 में शुरू किया गया, जबकि 26 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन चयनित स्टेशनों में निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था।इसके बाद कोरबा रेलवे स्टेशन में भी निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। स्टेशन का मुख्य द्वार व परिसर को व्यवस्थित करने के साथ ही प्लेटफार्म नंबर 1 को 2-3 से जोड़ने नया एफओबी, शेड विस्तार, बुकिंग काउंटर, यात्री प्रतीक्षालय, टीटीई विश्राम कक्ष समेत अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। योजना के तहत एक साल में काम को पूरा कर लेना था, लेकिन अब तक काम अधूरा है। यहां तक कि प्लेटफार्म नंबर एक को भी अपडेट नहीं किया जा सका है। इसके कारण सफर करने वाले यात्रियों को असुविधा हो रही है। निर्माण कार्य की गति धीमी होने के कारण यह स्थिति बनी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग रेलवे का गति शक्ति विभाग कर रहा है।स्टेशन परिसर में जहां-तहां बिखरी है निर्माण सामग्री निर्माण कार्य के चहते अभी भी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर जहां-तहां निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है। पार्सल कार्यालय से लेकर उरगा एंड तक व दूसरी ओर टीटीई विश्राम कक्ष से लेकर गेवरारोड एंड तक निर्माण सामग्री देखी जा सकती है। इसका फायदा सफाई कार्य में नियोजित ठेकेदार के लोग उठा रहे हैं। कर्मी स्टेशन के मुख्य द्वार के अंदर प्लेटफार्म के कुछ हिस्से तक सफाई करते हैं। आरपीएफ पोस्ट से आगे एआरएम कार्यालय व उसके आगे तक राखड़ की परत प्लेटफार्म पर जमी हुई है।

## सरकार से मिल रहे लाभ ने हमें भी जोड़ा खेती किसानी की ओर- बिरहोर सुनहर सिंह



**कोरबा ।** जिले के पाली ब्लॉक के ग्राम डोंगानाला में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के किसान श्री सुनहर सिंह के पास सीमित भूमि होने के बावजूद सरकारी योजनाओं ने उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है वे बताते हैं कि भले ही उनके पास केवल सवा एकड़ भूमि है, फिर भी वे धान की फसल लेकर अच्छी आय अर्जित कर लेते हैं। उनका कहना है कि सरकार द्वारा पीवीटीजी समुदाय के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं। सुनहर सिंह बताते हैं कि किसानों को समर्थन मूल्य की राशि मिलने के अलावा कृषक उन्नति योजना से प्राप्त राशि को मिलाकर धान की प्रति क्विंटल में सर्वाधिक राशि मिलती है। अब खेती करना लाभदायक हुआ है और छोटे किसान भी खेती के प्रति उत्साहित हैं।

गाँव के ही एक अन्य किसान श्री पुनुराम पटेल भी सरकारी योजनाओं से खुश हैं। उनके पास 3 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने इस वर्ष धान की फसल ली है। वे बताते हैं कि फसल की कटाई और मिंजाई का कार्य पूरा हो चुका है और इस बार वे लगभग 40 क्विंटल धान बेचेंगे। पुनुराम पटेल ने धान खरीदी के लिए पंजीयन भी करवा लिया है।

उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य के साथ मिलने वाली कृषक उन्नति योजना की अतिरिक्त राशि किसानों के लिए बड़ी राहत है, जिससे खेती में प्रोत्साहन मिलता है और आर्थिक मजबूती भी बढ़ती है। साथ ही धान खरीदी केंद्रों में उपलब्ध बेहतर सुविधाओं के कारण किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग के छात्रों से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर

**कोरबा ।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं उन्हे सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) हेतु अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।सहायक आयुक्त ने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। इस हेतु सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय एक्टिव बचत खाता एवं आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल से ओटीआर (वन टाईम रजिस्ट्रेशन) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। वर्ष 2025-26 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी का बायोमैट्रिक-एथेंटिकेशन किया जाना आवश्यक है।

# झोपड़ी से पक्के घर तक:गीताबाई का पूरा हुआ वर्षों पुराना सपना

## पीएम जनमन योजना से बना पक्का मकान



**कोरबा ।** जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम डोंगा नाला की विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समाज की महिला गीताबाई पति सीताराम के जीवन में प्रधानमंत्री पीएम जनमन योजना ने नया उजाला भर दिया है। वर्षों तक बारिश, हवा और ठंड में झोपड़ी में जीवन बिताने वाली गीताबाई अब पक्के घर में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रही हैं।

गीताबाई और उनका परिवार जंगल से वनोपज संग्रहण, बाँस से टोकरियाँ तथा अन्य उपयोगी वस्तुएँ बनाकर अपना जीवन चलाते रहे। सीमित आय और कठिन परिस्थितियों में उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वह कभी पक्का मकान में रहेगी। उन्हें लगता था कि जीवन भर झोपड़ी ही उनका घर रहेगा। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए पीएम जनमन योजना लागू किए जाने के बाद गीताबाई जैसे कई बिरहोर परिवारों के सपनों को नए पंख मिले। योजना के अंतर्गत उनके ससुर धरम सिंह का भी पक्का घर स्वीकृत हुआ, जो अब बनकर तैयार है। अब इस घर में गीता बाई भी रहती है।गीताबाई बताती हैं कि जब वह शादी होकर आई तो झोपड़ी थी। घर भी छोटा सा था। पीएम जनमन योजना से जब घर बनना शुरू हुआ तो उन्हें अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ। कुछ दिन बाद घर बनकर तैयार हो गया और वे लोग इस घर में रहते हैं। उनका कहना है कि अब बारिश में रातें जागकर नहीं बितानी पड़तीं, घर सुरक्षित है और जीवन में स्थिरता आई है। मजदूरी करके परिवार चलाने वाली गीताबाई को अब भविष्य थोड़ा उज्जवल दिखाई देता है। पीएम जनमन योजना ने न सिर्फ बिरहोर धरम सिंह का घर बनाया उनके बहू गीताबाई का भी घर बनाया और उनके सपनों को भी मजबूत नींव दी है। यह उन अनेक परिवारों की कहानी है जिनका जीवन इस योजना से बदल रहा है और जो अब सम्मान, सुरक्षा और आशा के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# साडा हायर सेकेंड्री स्कूल में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए लगा जागरूकता शिविर



**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या साडा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी पी नगर, कोरबा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वीरांगना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास की वीरांगनाओं जैसे रानी लक्ष्मीबाई, अवंतीबाई, आहिल्याबाई होलकर, सरोजिनी नायडू, छत्तीसगढ़ की वीरांगनाएँ मिनीमाता, बहादुर कलारीन आदि के जीवन चरित्र और वीरगाथाओं के माध्यम से प्रेरणा दी गई। बच्चों को उनके शौर्य, नेतृत्व और बलिदान के उदाहरण से स्व व्यक्तित्व के विकास और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में बालिकाओं के लिए समसामयिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई और उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे लैंगिक समानता, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर सुरक्षा, आपातकालीन नंबर (112, 181, 1098, 1930), सुकन्या समृद्धि योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट आदि के बारे में जानकारी दी गई और संबंधित ब्रोशर वितरित किए गए।

अंत में, सभी छात्राओं, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बसंत मिंज एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री गजेंद्र देव सिंह, जिला मिशन समन्वयक रत्ना नामदेव, जेंडर विशेषज्ञ तुलेश्वर दुबे, कीर्तन प्रसाद एवं चाइल्ड लाइन टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया



कोरबा पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा में संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्रों को भारतीय संविधान के इतिहास, निर्माण प्रक्रिया व इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके सभी छात्रों व स्टाफ ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

छात्रों में देश के प्रति कर्तव्य, अधिकारों और मूल्यों के संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। छात्रों ने भाषण और संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में संविधान निर्माताओं के योगदान को याद किया। लोकतंत्र की मूल भावना न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन सामाजिक विज्ञान विभाग ने किया। प्राचार्य ने छात्रों को संविधान के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

## नए लेबर कोड बिल को वापस लेने की मांग उठी

**कोरबा ।** अल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन एटक ने परसाभांठा के आजाद चौक पर नए लेबर कोड बिल को लागू करने के विरोध में धरना व आमसभा आयोजित की। नए श्रम कानून को वापस लेने की मांग की। इसे श्रमिक विरोधी और उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने देश में लागू करने का आरोप लगाया।
छत्तीसगढ़ राज्य एटक के प्रांतीय महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार नए श्रम संहिताओं को लागू कर मजदूरों का अहित किया है। इससे उनके कई अधिकार समाप्त हो जाएंगे। एसके सिंह ने कहा कि नए श्रम कानून से न्यूनतम मजदूरी तय करने के मापदंड भी बदल जाएंगे।

# विष्णु सरकार योजनाओं ने छोटे किसानों को भी बनाया सक्रिय और सशक्त

## 'मेहनत का सही मूल्य और आत्मविश्वास का उत्सव'



**कोरबा ।** प्रदेशभर में इस वर्ष खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ शुरू हुई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के किसान-हितैषी नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों के लिए धान खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। सर्वाधिक समर्थन मूल्य निर्धारित के बाद और खरीदी केंद्रों में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के कारण किसानों में खुशी और भरोसे की लहर देखी जा रही है। टोकन प्रणाली, तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता, समय पर भुगतान और खरीदी केंद्रों में हर सुविधा उपलब्ध कराने से किसानों का उत्साह चरम पर है। यह स्पष्ट संदेश देता है कि सरकार किसानों की मेहनत और उनकी फसल का पूरी तरह सम्मान करती है। कोरबा जिले के तुमान गांव की श्रीमती श्याम कुमारी पैकरा, जिनके पास 3 एकड़ कृषि भूमि है, इस वर्ष लगभग 62 क्विंटल धान विक्रय करने की तैयारी में हैं। इस वर्ष मौसम और फसल अनुकूल होने के कारण उनकी मेहनत रंग लाई है। श्रीमती पैकरा ने बताया राज्य सरकार की समर्थन नीतियों से हमारी मेहनत को सम्मान और सही मूल्य मिल रहा है। सुव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था ने हमें पूरी तरह आत्मविश्वास और उत्साह से भर दिया है। साथ ही सरकार द्वारा सभी खाद, बीज और अन्य आवश्यक चीजें समय पर उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे हमें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती। अब हम निश्चिंत होकर अपनी फसल बेचने जा रहे हैं।

उनके जैसी अनेक महिलाएं खेती में सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं और अब सरकार की योजनाओं का लाभ पाकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओं, युवा किसानों और छोटे कृषकों के लिए चलाई जा रही योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही हैं।

## एनसीओआरडी की बैठक आज शाम कलेक्टोरेट में होगी

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में एनसीओआरडी (नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन), कानून व्यवस्था एवं नवीन कानून के संबंध में बैठक शुक्रवार 28 नवम्बर को शाम 04 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में आहूत की गई है। सर्व संबंधितों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

# भविष्य के लिए बचाएं जल, रैली में संदेश

**पलारी।** गुरूर विकासखंड के ग्राम सनौद में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के एनजीडब्ल्यूडीपी-1 परियोजना अंतर्गत वाटरशेड महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अमृत सरोवर तालाब में सामूहिक श्रमदान व पौधरोपण से हुई। स्कूली बच्चों ने जल बचाओ भविष्य बचाओ संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली, जिसने पूरे ग्राम में जनजागरूकता का वातावरण बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य आशीष ने किया।

कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ बलदेव अग्रवाल व नीतू सोनकर ने पानी की पाठशाला के माध्यम से जल संरक्षण, मिट्टी कटाव की रोकथाम, कुशल सिंचाई पद्धति और बदलते जलवायु परिदृश्य में किसानों के लिए बेहतर प्रबंधन पर जानकारी दी। सहायक संचालक कृषि एवं परियोजना अधिकारी सूर्यनारायण ताम्रकार ने वर्षा जल संचयन, खेत-तालाब, मेडबंदी और कम पानी वाली फसलों दलहन-तिलहन को अपनाने के बारे में बताया। कृषि विकास अधिकारी टीकेन्द्र पटेल ने




जलग्रहण क्षेत्र, भू-आकृति आधारित जल प्रबंधन और जलधारा सुधार उपाय का वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। सभी ग्रामीणों ने मिलकर जल शपथ लेकर जल व मिट्टी संरक्षण के प्रति दायित्व निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों व युवाओं ने चित्रकला, रंगोली और सांस्कृतिक कार्यक्रम में जल संरक्षण थीम पर प्रस्तुति दी।

चेकडैम निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया महोत्सव के दौरान चेकडैम निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। जिससे आने वाले समय में जल संचयन क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। वाटरशेड मार्गदर्शकों को स्मृति चिन्ह और विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दिग्विजयनाथ ठाकुर, सरपंच त्रिलोकी राम साहू, तकनीकी विशेषज्ञ श्रेया सौफिया एक्का सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नरियरा।** संविधान दिवस के अवसर पर दिव्य शक्ति मॉडर्न स्कूल नरियरा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधान पाठक गोविंद पाटले ने कहा कि प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। भारत के संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का विशेष योगदान रहा। संविधान दिवस पर वाद-विवाद, निबंध और गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में ऊषा विश्वकर्मा, सुशीला पाटले, सविता श्रीवास, गीदम सोनवानी, सीमा राठौर, रेशमा केवट, अनीता केवट, संगीत पाटले, अनीता पाटले, हुलसी महंत, जस्मीन टंडन और प्रतिमा टंडन उपस्थित रहीं।

## नवोदय में लगी आदर्श युवा ग्राम सभा

**जांजगीर।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा आदर्श युवा ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, जनजातीय विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में देशभर के जवाहर नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के सरपंच सेतराम साहू, ग्राम परसदा की सरपंच उर्वशी साहू और अन्य वार्ड प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शुरुआत प्राचार्य दिलीप कुमार ठाकुर के स्वागत भाषण से हुई। छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। परिचय संतोष कुमार कश्यप ने दिया। सभा का संचालन छात्रा सरपंच निरंजना यादव और सचिव मनीष ने किया। विद्यार्थियों ने पंचायत प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका और स्वसहायता समूह की भूमिका निभाते हुए ग्राम विकास के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

# नशे की गिरफ्त में आये लोगों को बाहर लाने की चुनौती



**हतबंद/सुहेला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम पंचायत भैंसा में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर करी शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में की गई। शुरुआत में दल नायिका मीनाक्षी कोसले के नेतृत्व में नशा मुक्ति और स्वच्छता अभियान को लेकर गांव की गलियों में रैली निकाली गई। रैली में जोशीले नारे लगाए गए। फिर उद्घाटन समारोह का मंचीय कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. दौलत राम पॉल, जनपद अध्यक्ष ने सेवा कार्यों में लगे युवाओं को बधाई दी। सिमगा ब्लॉक से सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश चवरे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर बात की। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि शिविर के दौरान कई तरह की गतिविधियां होंगी। दल नायिका मीनाक्षी कोसले और उप दल नायिका सीमा पाल के मार्गदर्शन में रोज अलग-अलग मुद्दों पर रैलियां निकाली जाएंगी। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष केजूराम बघेल, नवापारा के सरपंच डोमार सिंह मार्कण्डेय, दिनेश वर्मा, परमेश्वरी साहू, शारदा साहू, संतोषी बघेल, प्रधानपाठिका देवकुमारी आदिल, शिक्षक मुरली प्रसाद वर्मा, भूपेंद्र निषाद, नरेंद्र वर्मा, उपसरपंच पुन:राम साहू, सालिक राम वर्मा, अंजना मानिकपुरी, दुर्गेश्वरी साहू, हीरा लाल साहू, हरीश वैष्णव आदि मौजूद रहे।

# समाज को न्याय दिलाएं विधि छात्र :सीजेएम

**जांजगीर चांपा ।** संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मड़वा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा एवं टीसीएल कॉलेज विधि विभाग जांजगीर के संयुक्त तत्वाधान में संविधान जागरूकता शिविर, विधिक जागरूकता कैंप का आयोजित किया गया जिसमें श्री प्रवीण मिश्रा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर चांपा द्वारा उपस्थित लोगों को भारतीय संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनको भारतीय संविधान के महत्व, भारतीय संविधान के इतिहास, भारतीय संविधान के निर्माताओं के भूमिका को बताते हुए भारतीय संविधान द्वारा मौलिक अधिकार का उपयोग और मौलिक कर्तव्यों का पालन करने, भारतीय संविधान की प्रस्तावनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को संविधान के संबंध में जानकारी लेने व उनका व्यापार प्रचार प्रसार कर देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संबंध में बताते हुए अपने सामाजिक जीवन में अच्छे व्यवहार करने को कहा गया । मनोज कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा भारतीय संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य एवं उनके पालन करने को कहा गया, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, भारतीय संविधान के समस्त विभागों को




सौंप गए दायित्व के संबंध में बताते हुए विधिक सेवा अधिनियम 1987 के गठन एवं उद्देश्य, निशुल्क विधिक सहायता, नालसा की समस्त योजनाओं, सिविल और आपराधिक कानून के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। डॉक्टर अभय सिंहा सहायक अध्यापक विधि विभाग जांजगीर द्वारा भारतीय संविधान दिवस के उद्देश्य एवं महत्व को बताते हुए संविधान की जानकारी को जानना और समाज के बीच इसका प्रचार प्रसार करने के साथी कार्यक्रम का स्वागत भाषण दिया गया। श्री लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल अधिकार मित्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा द्वारा भारतीय संविधान दिवस मनाने के उद्देश्य एवं महत्व, विधिक सेवा अधिनियम 1987 के गठन एवं उद्देश्य, न्याय सब के लिए के उद्देश्य के साथ निशुल्क विधिक सहायता की पात्रता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। नरेश आजाद प्राध्यापक टीसीएल कॉलेज विधि विभाग जांजगीर द्वारा उपस्थित लोगों को भारतीय संविधान दिवस की शुभकामनाएं एवं उनके महत्व के बारे में बताते हुए संविधान के प्रति जागरूक रहने व संविधान की अन्य जानकारी देते हुए कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में बृजेश कांत बर्मन, योगेश पैकरा ,ओपी सिंह, दुबे सर, डॉक्टर इंदु साधवानी प्राध्यापक टीसीएल कॉलेज जांजगीर, राजीव यादव विधिक सलाहकार एवं छात्र-छात्राए के सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## ग्राम तुस्मा में श्रीमद् भागवत कथा 29 से शुरू होगी

**तुस्मा।** शबरी डेरा मोहल्ला में 29 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू होने जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। सात दिनों तक चलने वाली इस कथा का वाचन प्रसिद्ध संत-वक्ता ब्यास पीठ महाराज पंडित रामचंद्र पांडे (बरेली) द्वारा किया जाएगा।

आयोजक मंडल और ग्राम तुस्मा के श्रद्धालुओं ने बताया कि यह कथा स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद साहू की स्मृति में आयोजित की जा रही है। साहू का जीवन सेवा, सरलता और समाजहित को समर्पित रहा, और उनके परिवारजन हर वर्ष धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करते रहे हैं। इस वर्ष कथा को विशेष रूप से भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। कथा स्थल की आकर्षक सजावट की जा रही है।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में संविधान दिवस पर विशेष गतिविधि आयोजित



**जांजगीर चांपा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी जांजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल, डॉ. गिरिराज गढ़ेवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में दिनांक 26 नवंबर 2025 को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विशेष गतिविधि आयोजित किया गया। इस गतिविधि के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रार्थना सभा प्रांगण में विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व के विषय में सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। सर्वप्रथम संस्था के शिक्षक श्री समीर कुंडु द्वारा संविधान दिवस के विषय में जानकारी देते कहा गया कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था यह दिन भारत के संविधान को अपनाने और उसके मूल्यों को बढ़ावा देने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भारत सरकार ने 2015 में इस दिन को आधिकारिक तौर पर संविधान दिवस घोषित किया जो बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती का वर्ष भी था, क्योंकि संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. अम्बेडकर थे। साथ ही शिक्षक द्वारा संविधान की जय-जयकार बुलवाई गयी। तत्पश्चात् संस्था की शिक्षिका श्रीमती मनदीप कौर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान के निर्माता एवं जनक है। वे संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। इन्होंने सम्पूर्ण संविधान का प्रारूप तैयार किया और संविधान को एक समानतावादी, लोकतांत्रिक दस्तावेज के रूप प्रस्तुत किया। भारत का संविधान सबसे लम्बा लिखित संविधान है इसमें संघात्मकता और एकात्मकता का मिश्रण है। भारतीय संविधान में नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों को विशेष स्थान दिया गया है। तत्पश्चात् संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा संविधान दिवस की बधाई देते हुए संविधान की उद्देशिका को एक साथ बोला गया। इस गतिविधि के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टॉफ व ग्रुप डी स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## जिला रोजगार कार्यालय में 02 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 02 दिसम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक गुडलक किसान ट्रैक्टर जांजगीर द्वारा सेल्स एक्जिक्टिव 10, फाईनेंस मैनेजर 04 एवं कंप्यूटर ऑपरेटर 02, पदों पर एवं बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी सर्विस, रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं से स्नातक तक निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों का कार्यक्षेत्र जांजगीर चांपा, रायपुर एवं सिलतरा रहेगा। उक्त पदों के लिए वेतनमान 8000 से 18000 रुपए निर्धारित की गई है एवं महिला एवं पुरुष दोनों पात्र होगें। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

## संविधान की रक्षा और पालन करने का वचन दिलाया

**मिसदा।** ग्राम मिसदा में संविधान दिवस का आयोजन अम्बेडकर चौक में किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य गोविंद खन्ना और अधिवक्ता खिलेश्वर मधुकर ने संयुक्त रूप से की। दोनों ने संविधान के महत्वपूर्ण अंगों, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों और प्रस्तावना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संविधान की रक्षा और पालन करने का वचन दिलाया गया। कार्यक्रम में नोहर खुटे, योगेश खुटे, गीताराम महिलांगे, गणेशराम खुटे, शिव खुटे, गुलाब चांद, दिवाकर, टोहेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# शासन की संवेदनशील धान खरीदी नीति से किसानों को मिल रही राहत :संतोष कुमार

## घर बैठे टोकन, पारदर्शी तौल, धान खरीदी व्यवस्था से बढ़ा आत्मविश्वास

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के खरौद में रहने वाले किसान संतोष कुमार की जिंदगी में एक बड़ा बदलाव आया है। कुछ वर्षों पहले तक धान बेचने की प्रक्रिया उनके लिए मुश्किलों से भरी रही। धूप में भूने हुए दिन, रातभर की बेचैनी, भीड़भाड़ में लंबी कतारें, तौल और भुगतान को लेकर असमंजस - ये सब उनकी खेती-किसानी का हिस्सा बन चुके थे। लेकिन शासन की पारदर्शी और तकनीक आधारित धान खरीदी व्यवस्था ने उनकी दुनिया ही बदल दी।

किसान संतोष कुमार जब खरौद धान उपार्जन केंद्र पहुंचे, तो उन्होंने पहली बार महसूस किया कि सरकारी व्यवस्थाएँ भी किसान के हित में कितनी प्रभावी हो सकती हैं। केंद्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अवांछित भीड़ नहीं थी। साफ-सुथरा माहौल, सहयोगी कर्मचारियों की उपस्थिति, निर्धारित समय पर टोकन की उपलब्धता और तौल प्रक्रिया की पारदर्शिता ने उन्हें पहली ही नजर में प्रभावित कर दिया। उन्होंने बताया कि यह बदलाव सिर्फ व्यवस्थाओं में नहीं, बल्कि किसानों के मनोबल में भी आया है। श्री संतोष कुमार ने 53 क्विंटल धान बेचा। पहले जहां उन्हें धान बेचने में कई दिन लग जाते थे, वहीं अब कुछ ही घंटों में संपूर्ण प्रक्रिया पूरी हो गई। न कोई भागदौड़, न कोई अनिश्चितता और न ही बेवजह की परेशानी। वे बताते हैं कि तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता से उन्हें एक अलग ही विश्वास मिला है।

किसान संतोष कुमार अपने अनुभव बताते हुए कहते हैं कि पहले धान खरीदी के दिनों में घर की चिंताओं और आर्थिक अनिश्चितता का बड़ा दबाव रहता था। लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह बदली है। धान बेचकर घर लौटते समय उनके चेहरे पर एक अलग चमक थी, मानो वर्षों पुराना बोझ उतर गया हो। उन्होंने कहा कि अब वे निश्चिंत होकर परिवार के साथ समय बिता पा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई, घर की जरूरतें, खेती की योजनाएँ सब कुछ व्यवस्थित तरीके से सोच पा रहे हैं, क्योंकि आय सुनिश्चित है, भुगतान समय पर मिल रहा है और प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं रही। सरकार द्वारा शुरू किया गया 'टोकन तुहर हाथ' मोबाइल एप उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं। पहले टोकन के लिए केंद्र तक जाना पड़ता था, भीड़ का सामना करना पड़ता था और कई बार पूरा दिन बर्बाद हो जाता था। लेकिन अब घर बैठे टोकन बुक करने से न सिर्फ समय की बचत हो रही है, बल्कि व्यवस्था में एक नई पारदर्शिता और सम्मान का भाव भी मिल रहा है।

## टेमर की छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**सक्ती।** जांजगीर। सरस्वती योजना के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल टेमर में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।



इस अवसर पर ग्राम पंचायत टेमर के सरपंच चंद्र कुमार सोनी, शाला समिति अध्यक्ष चेतेश्वर पटेल, टांकेश्वर पटेल, सदस्य गोविंद पटेल, बंशी देवांगन, घनश्याम पटेल, हाई स्कूल प्राचार्य गोविंद दुबे और बच्चे उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त हुए शिक्षक व एचएम को दी विदाई



**जेवरतला।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जेवरतला में प्रधान पाठक जगदेवराम और शिक्षक तुलसीराम देवांगन को सेवानिवृत्ति के अवसर पर संकुल स्तर पर विदाई एवं सम्मान प्रदान किया गया। संस्था प्रमुख लक्ष्मण कुमार साहू ने बताया कि यह आयोजन शिक्षकों के लंबा सेवा योगदान को सम्मानित करने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य यू. उके, सरपंच महेश्वरी चंद्राकर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ओमप्रकाश साहू, संकुल समन्वयक दुर्गेश ठाकुर सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बच्चे के गुम होने से परिजन हुए परेशान शिकायत के एक बाद हुई खोज

**जांजगीर।** ग्राम बनारी में एक 6 वर्षीय बालक अपने परिजनों से बिछड़ गया। सूचना मिलते ही जांजगीर पुलिस ने तेज़ कार्रवाई करते हुए मात्र एक घंटे में उसे घर पहुंचा दिया। घटना की जानकारी ग्राम बनारी के सरपंच देव नारायण सिदार ने दी। उन्होंने रोते हुए बालक को देखकर तत्काल पुलिस अधीक्षक जांजगीर विजय कुमार पांडेय को सूचित किया।

एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी जांजगीर के तहत पदस्थ प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी घटनास्थल पहुंचे और सरपंच के सहयोग से बालक के परिजनों से संपर्क किया। जांच में पता चला कि बालक भाटापारा, जांजगीर का निवासी है और वह सुबह स्कूल जाने निकला था, लेकिन रास्ता भटककर बनारी क्षेत्र में पहुंच गया। पुलिस ने बालक को सुरक्षित उसके परिवार के पास लौटा दिया।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र.920/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 27/11/25

एतद द्वारा आम जनता ग्राम भोगहापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुनाल शर्मा पिता पवन शर्मा, निवासी ग्राम भोगहापारा, तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भोगहापारा, प.ह.नं. 08 तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 954/5 रकबा 0.09 एकड़ भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.12.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर



न्यायालय तहसीलदार कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

202511050100067
रा.प्र.क्र.-/अ-6अ/2025-26
ग्राम- दादरखुर्द, प.ह.नं.-21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चिरंजीव लाल अग्रवाल पिता स्व. त्रिलोक चंद्र अग्रवाल निवासी आर.पी.नगर फेस-1 कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम दादरखुर्द प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. दादरखुर्द स्थित ख.नं. 131/2/ख से रकबा 0.012 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज रहा है। नवीन सर्वेक्षण उपरांत उक्त भूमि का नया ख.नं. 941 रकबा 0.010 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जिसका रकबा त्रुटिपूर्ण होने से रकबा 0.012 हे. संशोधन किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता क धारा 115 के तहत प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा से इन न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र.903/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 27/11/25

एतद द्वारा आम जनता ग्राम भोगहापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीताराम शर्मा पिता गुलाजारी लाल शर्मा, निवासी ग्राम भोगहापारा, तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भोगहापारा, प.ह.नं. 08 तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 689/13, 663/5 रकबा 0.08, 0.06 एकड़ कुल भूमि 0.14 एकड़ भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.12.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र.892/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 27/11/25

एतद द्वारा आम जनता ग्राम नवापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंती कश्यप पिता रामगोपाल कश्यप, निवासी ग्राम खोखसा पेण्ड्री, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नवापारा, प.ह.नं. 17 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 98/2 में से रकबा 0.15 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.12.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र.911/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 27/11/25

एतद द्वारा आम जनता ग्राम बनारी को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता स्व. लखेश्वर पालीवाल निवासी जांजगीर, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बनारी, प.ह.नं. 04 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 1152/6 रकबा $0.05^{1/4}$ एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.12.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र.915/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 27/11/25

एतद द्वारा आम जनता ग्राम बनारी को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ पालीवाल पिता पवन पालीवाल, निवासी जांजगीर, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बनारी, प.ह.नं. 04 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 1152/5 रकबा $0.05^{1/4}$ एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.12.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र.907/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 27/11/25

एतद द्वारा आम जनता ग्राम बनारी को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक पालीवाल पिता शरद पालीवाल, निवासी जांजगीर, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बनारी, प.ह.नं. 04 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 1151/1 रकबा $0.05^{1/4}$ एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.12.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्र.898/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 27/11/25

एतद द्वारा आम जनता ग्राम तुस्मा को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीपक केशरवानी पिता प्रभातचंद केशरवानी, निवासी शिवरीनारायण, तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तुस्मा, प.ह.नं. 07 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 869/74 रकबा $0.04^{1/2}$ एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.12.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर



CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/ 5548 Korba West, dtd. 27.11.2025
TENDER NOTICE No. 332/2025 (e-Bidding)
Online tenders are invited from Experienced & Prospective bidders for the following Work:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100047688 | Repair & Reconditioning of Journal Head Assembly of XRP 1003 Coal Mill, 1x500 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 8,640/- | 19.12.2025 |
| 2. | RFX No. 8100047748 | Enamel Painting Work of Various pipeline and Pumps of Turbine area of 1x500 MW, HTPS,Korba West. | 590/- | 9,740/- | 19.12.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website - https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. 2.Quantity as per tender schedule.
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
S- 46054/3

## अनमोल वचन......

न तो असफलता और न ही सफलता में आपकी आंतरिक स्थिति को बदलने की शक्ति है।

# भारत की कठिनाइयां बढ़ी

*शेख हसीना के खिलाफ ट्रिब्यूनल के फैसले से बांग्लादेश में सियासी मेलमिलाप की संभावना और घट गई है। दूसरी तरफ इससे भारत की कठिनाइयां बढ़ी हैं। देश छोड़ने के बाद से हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री भारत में रह रहे हैं।*

*जब किसी देश में सत्ता तंत्र में आमूल बदलाव आ जाता है, तो पूर्व शासन से संबंधित अधिकारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई या उन पर चले मुकदमों की निष्पक्षता हमेशा संदिग्ध रहती है। ऐसे मामलों में अक्सर बदले की भावना से कार्रवाई होती है, जिसमें अभियुक्तों को अपना बचाव करने के पर्याप्त अवसर नहीं मिलते। बांग्लादेश में जो हुआ, वह भी इस सामान्य चलन से अलग नहीं है। बांग्लादेश के कथित इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी माना है और उन्हें सजा-ए-मौत सुना दी है।*

*यही दंड हसीना सरकार में गृह मंत्री रहे असदुजम्मां खान कमाल को भी सुनाया गया है। ट्रिब्यूनल ने हसीना को उन कथित अपराधों के लिए दोषी पाया, जो पिछले साल सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान हुए थे। इन प्रदर्शनों में करीब 1,400 लोगों की मौत हुई। ट्रिब्यूनल के ताजा फैसले से बांग्लादेश में सियासी मेलमिलाप की संभावना और घट गई है। दूसरी तरफ इससे भारत की कठिनाइयां बढ़ी हैं। अगस्त 2024 में देश छोड़ने के बाद से हसीना और कमाल दोनों भारत में रह रहे हैं। अब चूंकि वे दोनों सजायाफ्ता मुजरिम हैं, इसलिए उन्हें पनाह दिए रहना भारत के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि है। बांग्लादेश ने इसके तहत शेख हसीना और कमाल को वापस भेजने की मांग रख दी है। इसे नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा, क्योंकि उस स्थिति में बांग्लादेश संधियों एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति भारत की वचनबद्धता पर सवाल खड़े करेगा। लेकिन दोनों को सजा-ए-मौत देने के लिए बांग्लादेश भेजने से अपने लिए अनुकूल रहे नेताओं को संरक्षण देने में भारत की विफलता का संदेश जाएगा। स्पष्टतः यह एक मुश्किल चुनौती है, जिसमें वर्तमान सरकार के कूटनीति कौशल का इम्तहान होगा। पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद से बांग्लादेश के रुख से भारत के लिए अन्य मुश्किलें भी बढ़ी हैं। खासकर पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ी निकटता से भारत के सामने सुरक्षा एवं विदेश नीति संबंधी नई चुनौतियां दरपेश आई हैं। अब प्रत्यर्पण संधि के पालन का सवाल इसमें एक नया पेंच बन कर जुड़ गया है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपको सोने-चाँदी के बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। आज आप प्रोफेशनल कार्यो के साथ-साथ अपने निजी कार्यों को भी पूरा करेंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ आपका ताल-मेल बना रहेगा, आपके घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**वृषभ राशिः** वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपको व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप किसी मुद्दे के ऊपर जीवनसाथी से सलाह-मशविरा कर सकते हैं। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है, आप सारी तैयारी अच्छे से कर लें।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं , जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप घर - परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे और आपको कहीं से अटके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे, जिसके लिए आप ऑफिस में मीटिंग कर सकते हैं। आज आप अपने खान-पान को लेकर डाइट प्लान तैयार कर सकते हैं। आज आपको स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। इस राशि के विद्यार्थियों को आज इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप किसी बड़ी डील को फ़ाइनल कर सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम को लेकर तारीफ होगी और बॉस आपके प्रमोशन की बात कर सकते हैं। आज आपके घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप किसी भी निर्णय को लेने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लें, जिससे बाद में कोई पछतावा न हो।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। इस राशि के जो व्यक्ति विदेश जाने का मन बना रहे थे , आज आपको किसी से मदद मिलेगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से आपको प्रसन्नता मिलेगी।

**वृश्चिक राशिः** आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद से अपने कार्यों को पूरा करने में समर्थ रहेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज ऑफिस में बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में आप अच्छा लाभ कमायेंगें। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति सामाजिक हित के लिए किसी विशेष मुद्दे को उठा सकते हैं। आज आपका ट्रांसफर मनचाही जगह पर हो जायेगा , जिससे आपको खुशी मिलेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप व्यापारिक लेन-देंन में सारी चीजें अच्छे से चेक करें और कर्मचारियों के साथ अच्छे से व्यवहार करें। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा, जिससे आपके बहुत से अटके काम पूरे होंगे। आज आप दाम्पत्य जीवन की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे, जिसमें जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने सपनों को पूरा करने में काफी हद तक सफल रहेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी जिम्मेदारियां आएंगी , जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज आपको किसी व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा , जिसे आप नजरंदाज न करें। आज आप भाई-बहनों के साथ मार्केट शॉपिंग करने जा सकते हैं और आप उन्हें कुछ गिफ्ट भी दिलायेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आपके जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति की ओर बढ़ेंगे। आज आप किसी मामले में घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह ले सकते हैं, जिससे वो आसानी से सुलझ जायेगा।

# भाजपा के सामने विपक्ष एक पॉप-अप दुकान

//श्रुति व्यास//

**कितना हैरानी भरा है यह! आप चाहें तो सिर पकड़ लें, मन टूटता महसूस करें, चिंता में घुल जाएँ, पर सच दो टूक, अडिग खड़ा है। फिर साबित हुआ है कि लोकसभा चुनाव में झटके के बाद राज्यों में भाजपा का लगातार जीतते जाना केवल संगठन की वजह से नहीं बल्कि प्रबंधकीय कौशल से है। और इसके लिए भाजपा को नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी व अमित शाह को ही श्रेय देना होगा। यह जोड़ी अबाध है। महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और अब बिहार—हर जगह ऐसी सहजता के साथ विजय पाई है कि विपक्ष फिलहाल को प्रासंगिकता के लिए भी हांफता हुआ है।**

विधानसभाओं में विपक्ष अब किसी भूत-सा दिखाई देता है। उपस्थिति केसिर्फ नाम, सिद्धांत में जबकि प्रभाव में लगभग अनुपस्थित। भाजपा की रणनीति इतनी सूक्ष्म, इतनी परतदार, कि आलोचना भी निरर्थक है, भीतर की ओर धंसती हुई है।

कल सुबह मुझे एक फोन आया। गहरी झुँझलाहट से भरी आवाज़ में लगभग कराहते पूछा - विपक्ष ने बिहार चुनाव का बहिष्कार ही क्यों नहीं कर दिया? आखिर तूफ़ान में बिना आसरा, बिना रणनीति और बिना कथा उतरने का मतलब क्या था?

यह कटु व चौंकाने वाली सोच है। पर ऐसे ख्याल, ऐसी भावना फैल रही है। अब विमर्श यह नहीं पूछ रहा कि भाजपा इतनी निर्णायक जीत कैसे हासिल कर रही है? प्रश्न अब कहीं अधिक ठंडा, अधिक चुभता हुआ है, विपक्ष क्यों हैरान कर देने वाली अयोग्यता बार-बार दोहरा रहा है? जो सवाल कल तक भाजपा की चुनावी मशीनरी पर होते थे, आज विपक्ष की मूर्खताओं पर पूछे जा रहे हैं, यह कि आने वाला तूफान दिखा क्यों नहीं?

यही वह मोड़ है जहाँ देश का मनोभाव लड़खड़ाने लगा है। यह केवल भय नहीं। यह पूरी निराशा भी नहीं। यह कुछ और गहरा हैः ऐसा अहसास कि मुकाबला टॉस से पहले ही खत्म हो चुका है। कि संस्थाएँ टिक नहीं पाएँगी, नागरिक थक कर समायोजित हो जाएँगे। कि आक्रोश छह घंटे ट्रेंड करेगा और रात के खाने से पहले गायब हो जाएगा। क्योंकि भाजपा, चाहे आप उसकी प्रशंसा करें या आलोचना, वर्चस्वता को स्वाभाविक दिखाने की कला में निपुण हो चुकी है। दुख की बात यह है कि विपक्ष ने प्रयास करना ही लगभग बंद कर दिया है।

ध्यान रहेंः यह केवल संख्या का खेल नहीं। यह विचारधाराओं का टकराव भी नहीं। यह सत्ता की भौतिकी है, जिसे भाजपा अस्थि-मज्जा तक समझती है। वे चुनाव लड़ते नहीं, इंजीनियर करती हैं। वे मौसमों की नहीं, युगों की तैयारी में लगे हैं। और तब यह गहरा सवाल सामने आता है–जब जीत ही लोकतंत्र की अकेली भाषा बन जाए, और विपक्ष बोलना ही भूल जाए, तब लोकतंत्र का क्या बचता है?

पिछले ग्यारह वर्षों में विपक्ष समझ ही नहीं पाया कि मोदी और शाह चुनावों से रचे-बसे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुनाव दृश्यांकन हैं–नारे, मंच, और वह अभेद्य कवच जो जीत उन्हें पहनाती है। शाह के लिए चुनाव प्रदर्शन नहीं, वास्तुकला हैं, नापतौल, गणित, ठंडा, तेज, अडिग। यदि मोदी मिथक हैं, तो शाह गणना हैं। वहीं विपक्ष चुनाव ऐसे लड़ता है जैसे मौसम हों, आते-जाते, अस्थायी। भाजपा की 24×7 राजनीतिक मशीनरी के सामने विपक्ष एक पॉप-अप दुकान है।

बिहार को ही देख लें। तेजस्वी यादव ने 2024 लोकसभा में खूब शोर मचाया। जिलों में दौरे, मुसलमान-यादव आधार को सक्रिय करने की कोशिश, और कुछ हद तक एक युवा, तेजतर्रार विपक्षी चेहरे की झलक। पर नतीजे सामने आते ही और वोट-टू-सीट रूपांतरण होते ही गति थम गई। तेजस्वी भी। बाद के महीनों में वे कम दिखाई दिए। राजनीति सड़कों से हटकर उनकी सक्रियता पारिवारिक खटास, भाइयों के झगड़े और संगठनात्मक ढिलाई में बदल गई। वे न युवा बिहार के प्रतीक बने, न ही नीतीश कुमार का विकल्प। और जब 2025 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले वे अवतरित हुए–राघोपुर, सभाएँ, भाषण, वादे–तब तक बहुत देर हो चुकी थी। लापरवाही जमीन पर गुल खिला चुकी थी। भाजपा गठबंधन पहले ही जमीन कस चुका था।

यही विपक्ष का गहरा संकट है–वे भाजपा से अधिक विपक्ष अपने भीतर नाटक रचता हैं। मोदी के तमाशे का प्रतिपक्ष गढ़ने के बजाय वे खुद अपना तमाशा बन जाते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस आत्मस्वीकारोक्ति बन जाती हैं, अहंकार विचारधारा से ऊँची आवाज़ में टकराता है, और कथा का एकमात्र सूत्र बचता है–ढहना, फ्लॉप होना। वे सरकार का उतना विरोध नहीं करते, जितना एक-दूसरे का। यह वक्त कहानी माँगता है जबकि वे कोरियोग्राफी देते हैं। भाजपा जहाँ सत्ता का प्रदर्शन करती है, विपक्ष विघटन और खींचतान का।

सो विपक्ष का सार है नेता बहुत मगर नेतृत्व बहुत कम। ताज के दावेदार अनेक, पर दृष्टि का कालखंड किसी के पास नहीं।

इसलिए यह क्षण केवल भाजपा की उपलब्धि का नहीं, विपक्ष की निष्क्रियता, उसकी असल हकीकत का भी है। यदि 2014 में देश ने मोदी में आशा देखी थी, तो 2024 की झिलमिल सेकंडभर की उपलब्धियों में एक दूसरी संभावना भी दिखी थी–एक आशा के भीतर दूसरी आशा। पर आज, डेढ़ वर्ष बाद, वह भाव पतला पड़ चुका है। और शायद इसी कारण इस बार भाजपा की जीत असाधारण लगती है–क्योंकि परिणाम चौंकाता नहीं, क्योंकि उसके रास्ते में कुछ था ही नहीं। कोई प्रतिद्वंद्वी विचार नहीं, कोई टक्कर देती कल्पना नहीं, कोई अलग भारत का सपना नहीं।

यही असली ख़तरा है।

तो हाँ, अब मुझे यह लिखने में रुचि नहीं कि भाजपा सत्ता में कैसे बनी रहती है। वह कहानी भयावह है पर अब पूर्वानुमेय भी। असली कहानी यह है कि विपक्ष इतना मूर्ख कैसे बना रह सकता है? लोकतंत्र तब नहीं मरता जब एक पक्ष बहुत शक्तिशाली हो जाए, वह तब मरता है जब दूसरा पक्ष इतना अक्षम हो जाए कि कोशिश भी न करे।

आज भारत का संकट अधिनायकवाद की अधिकता से नहीं, कल्पना की कमी से है। सत्ता ने विपक्ष को चुप नहीं कराया, विपक्ष ने अपनी आवाज़ छोड़ दी है। और यदि आज भाजपा समय लिख रही है, तो इसलिए कि विपक्ष ने लिखना बंद कर दिया है।

# नीतीश के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजस्व

//अजीत द्विवेदी//

**क्रिकेट के खेल की तरह राजनीति को भी अनिश्चितताओं का खेल माना जाता है। लेकिन नीतीश कुमार ने इसको भी इतनी प्रेडिक्टेबल बना दिया है कि जिसको राजनीति की ज्यादा समझ नहीं होती है वह भी कहता है कि बिहार के मुख्यमंत्री तो नीतीश कुमार ही बनेंगे। इसके बाद मजाकिया अंदाज में यह भी कहा जाता है कि चाहे जिसके साथ बनाएं लेकिन सरकार नीतीश ही बनाएंगे। हालांकि अब आगे शायद ऐसा नहीं हो पाए क्योंकि विधानसभा में संख्या का हिसाब इस बार कुछ अलग है।**

बहरहाल, चुनाव नतीजों में एनडीए के जीते विधायकों की बड़ी संख्या को छोड़ दें तो कुछ भी चौंकाने वाला नहीं है। चुनाव नतीजे और सरकार का गठन वैसे ही हुआ है, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। चूंकि यह लगातार पांचवीं बार नीतीश कुमार की निरंतरता के लिए दिया गया जनादेश है इसलिए नई सरकार को कोई हनीमून पीरियड भी नहीं दिया जा सकता है। इसका अर्थ है कि पहले दिन से सरकार को अपने किए गए वादों को पूरा करने के लिए काम करना होगा और पहले दिन से हिसाब मांगा जाएगा।

ध्यान रहे सरकार के सामने कम से कम अभी राजनीतिक चुनौती नहीं है। हालांकि आगे इसके आसार हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिस समय अपना मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास होगा उस समय चुनौती आएगी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव तक ऐसा नहीं होगा। सरकार के सामने कोई प्रशासनिक चुनौती भी नहीं है क्योंकि नौकरशाही वही है, जो पिछले 20 साल से नीतीश कुमार के साथ काम कर रही है। उनकी पसंद के अधिकारी सभी महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हैं और उनको पता है कि सरकार को किस एजेंडे को प्राथमिकता में रख कर काम करना है। इस बार चुनाव में भाजपा और जनता दल यू के बीच पहले से बेहतर तालमेल दिखा है। अब यह देखना होगा कि शासन चलाने में दोनों का तालमेल वैसा ही रहता है या नहीं?

माना जा रहा है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी सरकार पर पहले से ज्यादा नियंत्रण रखने का प्रयास करेगी। इसके तीन कारण हैं। एक कारण तो यह है कि नीतीश कुमार की सेहत पहले जैसी नहीं है और वे खुद रोजमर्रा के कामकाज को संभालने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते हैं। दूसरा कारण यह है कि भाजपा को बहुत ज्यादा सीटें मिली हैं। वह बिहार विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, ऐसा पहली बार हुआ है। तीसरा कारण यह है कि बिहार में विकास की और लोक कल्याण की योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से ज्यादा आवंटन मिलने की संभावना है, जिसके लिए बेहतर तालमेल की आवश्यकता है।

फिर सवाल है कि सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या है? सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजस्व की है। चुनाव से पहले सरकार ने जो वादे किए हैं उन वादों को पूरा करने के लिए बड़े राजस्व की जरुरत है। यहां यह ध्यान रखने की जरुरत है कि पहले नीतीश का विपक्ष लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव होते थे, जो सरकार के ऊपर ज्यादा हमले नहीं करते थे क्योंकि उनको उम्मीद लगी रहती थी कि कब नीतीश के साथ सरकार बनाने का मौका मिल जाए!दूसरे वे हमला करते थे तो लोग उनसे उनके राज के बारे में पूछने लगते थे। लेकिन अब प्रशांत किशोर के रूप में बिहार में एक सजग विपक्ष मौजूद है, जिसके ऊपर पहले के शासन का कोई बैगेज नहीं है। उन्होंने कहा भी है कि सरकार की योजनाओं और वादों को पूरा करने पर उनकी नजर रहेगी। वे इसमें सरकार की विफलता का मुद्दा उठाएंगे। सरकार की शपथ के दिन महात्मा गांधी के भितिहरवा आश्रम में एक दिन का उपवास करके उन्होंने अपने इरादे बता दिए हैं। सो, सरकार को गंभीर हो जाना होगा।

अभी एक करोड़ 51 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए गए हैं। बचे हुई करीब सवा करोड़ महिलाओं के खाते में यह रकम जानी है। उसके बाद लाखों महिलाओं को दो दो लाख रुपए देने का भी वादा है। इसके लिए पैसे कहां से आएंगे। ऐसे ही एक करोड़ नौकरियों और रोजगार का वादा है, जिसके लिए लाखों सरकारी पद सृजित करने होंगे। सरकार ने उद्योग में एक लाख करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया है। नए स्कूल, कॉलेज और अस्पताल बनवाने के वादे हैं।

125 यूनिट फ्री बिजली के बाद हर घर पर सोलर पैनल लगवाने का वादा है। सवाल है कि सरकार के पास राजस्व बढ़ाने का क्या तरीका है? क्या केंद्र के अनुदान और देसी, विदेशी संस्थाओं के कर्ज के भरोसे इतने वादे किए गए हैं? ध्यान रहे बिहार पर पहले से ही बहुत ज्यादा कर्ज है और हर दिन बिहार 63 करोड़ रुपया कर्ज के ब्याज के तौर पर चुका रहा है। सो, नया कर्ज बहुत सोच समझ कर लेना होगा। एक सवाल यह भी है कि शराबबंदी का क्या होगा? इससे सालाना 20 से 25 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का घाटा हो रहा है। प्रशांत किशोर ने शराबबंदी खत्म करने का वादा किया था। यह नीतीश कुमार की लीगेसी है, जिसे देखना है कि कितने समय तक चलाया जाता है? यह सही है कि सरकार के सामने मुख्य रूप से आर्थिक चुनौती है और कोई राजनीतिक या प्रशासनिक चुनौती नहीं है। लेकिन एक बात हमेशा ध्यान में रखने की है कि जब इतना बड़ा बहुमत मिलता है तो उसके बाद अनदेखे राजनीतिक संकट खड़े होते हैं। यह भारत का और बिहार का भी इतिहास रहा है। केंद्र में 415 के बहुमत के साथ राजीव गांधी की सरकार बनी थी लेकिन उसके बाद खुद राजीव गांधी का और कांग्रेस का क्या हुआ यह सबको पता है। उसी तरह बिहार में 2010 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को 206 सीटों का बहुमत मिला था। जनता दल यू को 115 और भाजपा को 91 सीटें मिली थीं।

लेकिन तीन साल के बाद ही हालात बदल गए थे। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव की कमान सौंपे जाने के विरोध में नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था और दो साल तक अकेले सरकार चलाई थी। उसके बाद उन्होंने राजद के साथ तालमेल करके 2015 का विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें चार पार्टियों से तालमेल के बावजूद भाजपा 91 से घट कर 53 पर आ गई। 2010 में भी ऐसी कोई संभावना नहीं दिख रही थी कि नीतीश भाजपा को छोड़ेंगे और अब भी कोई आशंका नहीं दिख रही है कि दोनों पार्टियों के बीच कोई ऐसा घटनाक्रम दोहराया जा सकता है। लेकिन भविष्य किसने देखा है और राजनीति तो वैसे भी हमेशा संभावनाओं से भरी होती है।

## मुस्लिम वोट के लिए ममता का एसआईआर पर विरोध

पश्चिम बंगाल के 294 सीट के लिए मार्च-अप्रैल 2026 को विधानसभा चुनाव होना है। यह चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जा रहा है। इस चुनाव को राज्य की सत्ता पर दोबारा कब्जा जमाने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दलों के लिए एक निर्णायक युद्ध के रूप में देखा जा रहा है।

बिहार में राजद–कांग्रेस विपक्षी महागठबंधन की करारी शिकस्त के बाद पश्चिमी बंगाल में वर्ष 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चौसर बिछ गई है। इस चौसर पर तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोई भी दाव हाथ से नहीं देना चाहती हैं। यही वजह है कि ममता बनर्जी एसआइआर का जम कर विरोध कर रही है। इस विरोध की जड़ में छिपा हुआ है ममता का मुस्लिम वोट बैंक प्रेम। ममता एक तरफ अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाने का पुरजोर समर्थन करती रही हैं। ममता का प्रयास है कि भाजपा उत्तर भारत के राज्यों की तरह पश्चिम बंगाल में वोटों का ध्रुवीकरण नहीं कर पाए। इसलिए ममता मुस्लिम वोट बैंक के खिसके बगैर हिन्दू वोट बैंक को भी साधने की फिराक में है। पश्चिम बंगाल के 294 सीट के लिए मार्च-अप्रैल 2026 को विधानसभा चुनाव होना है। यह चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जा रहा है। इस चुनाव को राज्य की सत्ता पर दोबारा कब्जा जमाने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दलों के लिए एक निर्णायक युद्ध के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है, वहीं भाजपा, वाम दल और कांग्रेस भी नए गठबंधनों और रणनीतियों के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। यही वजह है कि ममता एसआइआर को विरोध का राजनीतिक हथियार बना लिया है। पश्चिम बंगाल समेत देश के 12 राज्यों में जब से वोटर लिस्ट के एसआईआर करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसके बाद से पश्चिम बंगाल से अवैध रूप से बॉर्डर पार कर बांग्लादेश जाने वाले लोगों की तादाद बढ़ गई है। दोनों देशों में अवैध रूप से सीमापार करके आने-जाने का यह सिलसिला पहले घुसपैठियों के अलावा अधिकतर तस्करों के बीच होता था। लेकिन अब जिस तरह से भारत से बांग्लादेश जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसे घुसपैठियों का बांग्लादेश वापस लौटना माना जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल से लगते भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर हलचल तेज है। इसमें कुछ लोग पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश जाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें कुछ कामयाब भी हो रहे हैं। हालांकि, बॉर्डर पर चौकस बीएसएफ को देखकर ऐसे लोग जंगलों में भाग जाते हैं। लेकिन बीएसएफ की नजर में ऐसे कुछ मामले आ रहे हैं। जिनमें पश्चिम बंगाल में एसआईआर शुरू होने के बाद बांग्लादेश की तरफ जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

## स्वीरों की दुनिया



सीआरपीएफ के जवानों के साथ पुलिस ने पुलवामा में बैन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े एक व्यक्ति के घर की तलाशी ली।



नई दिल्ली में, ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह, कर्तव्य पथ पर एक साइकिल सवार, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता खराब बनी हुई है।



आईएनएस सह्याद्री स्टील्थ फ्रिगेट ने फिलीपींस में अपनी तैनाती के हार्बर फेज़ के लिए मनीला में पोर्ट कॉल करने से पहले फिलीपींस नेवी के साथ एक एक्सरसाइज़ की।




केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पंजाब के मोगा में किसानों और गांववालों के साथ बातचीत के दौरान खाना परोसा जा रहा है।



लाल किला ब्लास्ट केस के मुख्य आरोपी जसीर बिलाल वानी को नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया।



केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से नई दिल्ली में संसद भवन में मिले।



दक्षिण गोवा जिले में श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में भगवान राम की 77 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाता है।

# ओडिशा विधानसभा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया संबोधित
## सीएम माझी ने कहा- आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा



**भुवनेश्वर, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के ओडिशा विधानसभा को संबोधित करने से पहले सदन में राष्ट्रपति का भव्य तरीके से स्वागत किया गया और ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष, विरोधी दल नेता, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल ने सदन को संबोधित किया और सभी ने इस पल को ओडिशा विधानसभा के लिए ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि ओडिशा के जनतांत्रिक इतिहास में आज का दिन स्वर्ण अक्षर में लिपिवद्ध हो गया है, क्योंकि आज 75 वर्ष के ओडिशा विधानसभा के इतिहास में पहली बार देश की पहली नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विधानसभा को संबोधित करने के साथ हम सबको मार्गदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आपका राजनीतिक करियर इसी विधानसभा से शुरू हुआ है। आपने अपनी कठिन मेहनत, त्याग एवं परिश्रम से देश के सर्वोच्च स्थान की शोभा बढ़ा रही हैं। हम लोगों के लिए सीखने की बात है कि इसके बाद भी आपने ना ही अपनी जन्म भूमि और ना ही अपनी कर्म भूमि को भूली हैं। आपने यह संदेश दिया है कि आदमी चाहे कितना बड़ा हो जाए अपनी मातृभूमि एवं कर्म भूमि को नहीं भूलना चाहिए। यह बात कभी अपने विचार में भी नहीं आना चाहिए। मयूरभंज जिले के एक आदिवासी गांव उपरबेड़ा की एक सामान्य संथाली परिवार में जन्म ग्रहण कर तमाम परेशानियों का सामना करने के बाद भी आप ने जीवन में कभी हार नहीं माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप झारखंड का राज्यपाल रहते समय सितम्बर 2016 में भुवनेश्वर में एक कार्यक्रम में अपने जीवन संग्राम के बारे में कहा था। मुझे याद है कि आपने कहा था कि स्कूल में पढ़ते समय किस प्रकार से जंगल से रसोई के लिए काठ (लकड़ी) संग्रह कर रही थी।इस प्रतिकूल परिस्थित से निकलकर यहां तक पहुंचना संयोग नहीं है।यह जनसेवा के लिए आपकी कठोर तपस्या और ईश्वर के आशीर्वाद का फल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे जैसे एक सामान्य आदिवासी परिवार में पैदा हुआ एक सामान्य व्यक्ति को आपके मार्गदर्शन से ओडिशा की सेवा करने का अवसर मिला है। यह केवल आज के भारत में संभव है और यह मौका हमारे भारतीय संविधान ने दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दिन पहले पूरे देश में संविधान दिवस मनाया गया और उसमें राष्टपति ने जो भाषण दिया वह देश के 140 करोड़ लोगों के हृदय को स्पर्श कर गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा जैसे राष्ट्रपति का प्रत्येक संदेश हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आप इस विधानसभा में पहली महिला श्रेष्ठ विधायक के तौर पर आप सम्मानित हुई हैं। आज आपकी राष्ट्रपति के तौर पर विधानसभा में उपस्थिति लोकमंदिर को गौरवान्वित की है। 2015 से 2021 तक आप झारखंड की राज्यपाल रहीं। विधायक, मंत्री, राज्यपाल एवं वर्तमान राष्ट्रपति के तौर पर आपने जो भूमिका निभाया है, वह सभी के लिए अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री के संदेश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ हमारी सरकार काम कर रही है। कम समय के शासन में हमारी सरकार ने लोगों को स्वच्छ, निर्मल एवं दक्ष शासन प्रदान कर रही है।

# सिर्फ ऑनलाइन रेल टिकट वालों को ही बीमा क्यों, यात्रियों से भेदभाव को लेकर अदालत ने रेलवे से मांगा जवाब



**नईदिल्ली, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और रेलवे पूछा कि दुर्घटना बीमा कवर सिर्फ ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले यात्रियों को ही क्यों मिलता है, ऑफलाइन यानी खिड़की से टिकट खरीदने वालों को क्यों नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे को रेल लाइन और रेलवे क्रासिंग की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश देते हुए यह टिप्पणी की है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि रेलवे का ध्यान पहले रेल लाइन और रेलवे क्रासिंग की सुरक्षा पर होना चाहिए, जिससे दूसरे पहलू सामने आएंगे।

पीठ ने रेलवे में अलग-अलग सुरक्षा चिंताओं से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इसके साथ ही, पीठ ने रेलवे को इन मुद्दों पर एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ऑनलाइन और ऑफलाइन टिकट खरीद के बीच बीमा कवर में अंतर के कारण के बारे में समक्ष प्राधिकार से निर्देश लेने और अदालत को अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी, 2026 को होगी।

## अब हर जिले में एसटीएफ, हर रेंज में एटीएस बिहार पुलिस ने आतंक और अपराध पर कसी कमर

**पटना, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

अब आतंकवाद और संगठित अपराधियों के विरुद्ध जिलों में भी कम समय में कारगर कार्रवाई हो सकेगी। इसके लिए बिहार पुलिस की दो महत्वपूर्ण इकाइयों का विस्तार रेंज और जिला स्तर पर करने की योजना है। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की इकाइयों को रेंज स्तर जबकि विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की इकाई को जिलास्तर पर तैनात करने की तैयारी है। अभी तक दोनों इकाइयां पुलिस मुख्यालय के स्तर पर कार्यरत हैं। पुलिस मुख्यालय ने इससे संबंधित प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा है।एटीएस के एडीजी पंकज कुमार दराद ने बताया कि एटीएस को सुदृढ़ करने की योजना पर लगातार काम चल रहा है। एटीएस में 346 नए जवानों की तैनाती के लिए प्रस्ताव दिया गया है।

इसके मिलने के बाद रेंज स्तर पर एटीएस की इकाइयां कार्यरत हो सकेंगी। इसमें पटना के अलावा मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा, भागलपुर, पूर्णिया में भी एटीएस की टीम होगी। रेंज स्तर पर इकाइ का नेतृत्व डीएसपी रैंक के पदाधिकारी करेंगे। उनके साथ रेंज स्तर पर मारक दस्ता, बम स्कवाड और डाग स्कवाड आदि की भी तैनाती की जाएगी।एसटीएफ की टीम के जिलास्तर पर तैनात होने से संगठित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और कारगर होगी। अभी मुख्यालय स्तर से एसटीएफ की टीम अलग-अलग जिलों में जाकर अपराधियों को गिरफ्तार करती है। जिलास्तर पर अलग यूनिट से संगठित और मोस्टवांटेड अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी आएगी। इसके लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देकर एसटीएफ में तैनात करने की भी योजना है। राज्य में साइबर अपराध और ड्रग्स के मामलों पर कार्रवाई के लिए जल्द ही साइबर और एंटी नारकोटिक ब्यूरो की दो अलग इकाइयां काम करने लगेंगी।

# दशकभर से बीमार युवक के इच्छामृत्यु की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## नोएडा जिला अस्पताल को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

**नोएडा, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 31 वर्षीय युवक के पैसिव यूथानेशिया पर रिपोर्ट तैयार करेगा। बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग को कोर्ट के आदेश की कॉपी मिली। सीएमओ ने सीएमएस को कोर्ट के आदेश की कापी भेजकर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद के राजनगर निवासी 31 वर्षीय युवक को शत प्रतिशत दिव्यांगता के चलते एक दशक से अधिक समय से बीमार होने पर चिंता जाहिर की है। पिता ने कोर्ट में याचिका दायर कर बेटे के लिए इच्छा मृत्यु मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में इलाज के लिए कहा था। उनका कहना है कि पैसिव यूथानेशिया का अर्थ है



जानबूझकर किसी मरीज के जीवन समर्थन या उपचार को रोककर मरने देना, जो जीवन बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है। न्यायाधीश जेबी पार्डीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने नोएडा सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल से कहा है कि वह 31 वर्षीय हरीश राणा के पिता द्वारा दायर आवेदन पर दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिसमें पैसिव यूथानेशिया की मांग की गई है।स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ डा. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि गाजियाबाद के सीएमओ ने नोएडा के जिला अस्पताल में मरीज को भर्ती कराया था।

इलाज के बाद उसे घर पर भेज दिया गया था। जहां गाजियाबाद सीएमओ की देखरेख में इलाज चल रहा है। मरीज को जिंदा रखने के लिए कई जीवन रक्षक उपकरण लगाए गए हैं।एक दशक से अधिक समय से एक ही स्थिति में मरीज है। कोर्ट से इस संबंध में पत्र मिला है। जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मेडिकल टीम बनाकर रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

## यूपी में SIR कार्य के दबाव से परेशान शिक्षक गाजियाबाद में संघ ने समयावधि बढ़ाने की रखी मांग




**गाजियाबाद, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने एसआईआर कार्य की समयावधि बढ़ाने की मांग की। उनका कहना है कि एसआईआर कार्य के दबाव की वजह से शिक्षक मानसिक तौर पर काफी ज्यादा परेशान हैं। जिससे उन्हें उच्च रक्तचाप, शुगर और अनिद्रा आदि की समस्या हो रही है। इस संबंध में शिक्षक संघ की ओर से जिलाधिकारी के नाम एक्स पर ट्वीट किया गया है। एक्स पोस्ट करते हुए कहा है कि गाजियाबाद में दो हजार से अधिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एसआईआर के लिए बीएलओ का कार्य कर रहे हैं। काम के अत्यधिक दबाव और देर रात तक काम की वजह से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षकों को अनिद्रा, हाईबीपी और हाईपरटेंशन की शिकायतें हो रही हैं। काम के दबाव में प्रदेश में कई बीएलओ की मौत हो चुकी है।नोएडा में भी दो शिक्षक त्यागपत्र दे चुके हैं। गाजियाबाद में ऐसी कोई घटनाओं एवं स्थिति से बचने के लिए शिक्षक संघ ने डीएम से अपील करते हुए भारत निर्वाचन आयोग से बात कर एसआइआर कार्य की समयावधि आगे बढ़ाने की मांग की है। जिससे शिक्षकों को राहत मिल सके। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि एसआइआर के लिए चार दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जिससे शिक्षक देर शाम तक बीएलओ का कार्य कर रहे हैं। रात में जागकर एसआईआर का डाटा भर रहे हैं। जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# कोडीन युक्त सीरप के कारोबार में शामिल 19 और दवा फर्मों पर एफआईआर

## सभी कंपनियों के लाइसेंस कैंसिल करने के निर्देश



**लखनऊ, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने कोडीन युक्त सीरप और नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं के भंडारण, अवैध बिक्री के मामले में वाराणसी, सुल्तानपुर, भदोही और प्रयागराज की 19 दवा फर्मों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआइआर कराई है। इन फर्मों के संचालक जांच में कोडीन युक्त सीरप की खरीद और बिक्री से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जांच में पाया गया कि फर्म संचालक नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं की बिक्री बीमारी के इलाज के लिए नहीं कर रहे थे। एफएसडीए आयुक्त रोशन जैकब के अनुसार वाराणसी की राधिका इंटरप्राइजेज के संचालक प्रशांत उपाध्याय, मेड रेमिडी के आकाश पाठक, श्री हरी फार्मा के अमित जायसवाल, विश्वनाथ मेडिकल एजेंसी के विशाल सोनकर, सौम्या मेडिकल के सचिन पांडे, श्री राम फार्मा के घनश्याम, खाटू फार्मा के अभिनव यादव, काल भैरव ट्रेडर्स के बादल आर्य, विंध्यवासिनी ट्रेडर्स के सचिन यादव, श्याम फार्मा के राहुल कुमार जायसवाल, वीएसएम फार्मा के हिमांशु चतुर्वेदी, पूर्णा फार्मा की पूजा तिवारी के खिलाफ एफआइआर कराई गई है।

इसके अलावा सुलतानपुर की वैभव फार्मा के संचालक वैभव श्रीवास्तव, वैश्य मेडिकल स्टोर के राजेश कसौंधन, अमर फार्मास्युटिकल के पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अनीस मेडिकल एजेंसी के अनीज खान के खिलाफ एफआइआर कराई गई है। भदोही की श्री गुरुदेव मेडिकल एजेंसी, ओपी फार्मा के ओम प्रकाश कसेरा, प्रयागराज के आशुतोष फार्मा के आशुतोष पटेल के खिलाफ भी एफआईआर कराई गई है।

सभी फर्मों के लाइसेंस भी निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। एफएसडीए ने अभी तक कोडीन युक्त सीरप व अन्य नारकोटिक्स दवाओं की अवैध बिक्री और भंडारण के मामले में वाराणसी में 28, जौनपुर में 12, कानपुर नगर में आठ, लखनऊ में तीन, चंदौली, बहराइच, सुल्तानपुर, गाजीपुर में 36 एफआईआर कराई है। इनसे जब्त दस्तावेजों के आधार इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य दवा प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। अब तक कुल 87 एफआईआर कोडीन युक्त सीरप के अवैध कारोबार के मामले में कराई गई है।

# चित्तौड़गढ़ में गोल्डमैन कन्हैयालाल खटीक से मांगी 5 करोड़ की फिरौती

## रोहित गोदारा का नाम आया सामने



**उदयपुर, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

राजस्थान के चर्चित गोल्डमैन और मेवाड़ के बप्पी लहरी कन्हैयालाल खटीक को गैंगस्टर रोहित गोदारा की ओर से 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। धमकी देने के लिए कॉल और वॉट्सऐप वॉयस रिकॉर्डिंग का सहारा लिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खटीक के घर के बाहर निगरानी बढ़ा दी है।गैंगस्टर रोहित गोदारा ने यह कॉल राहुल रिणवा नामक बदमाश के जरिए करवाई। चूंकि खटीक उस समय बाजार में थे, इसलिए वे कॉल सुन नहीं पाए। इसके बाद वॉट्सऐप पर 41 सेकेंड की वॉयस रिकॉर्डिंग भेजी गई, जिसमें कहा गया कान्हा, क्या हाल-चाल है। तुझे राहुल फोन करेगा, बात कर लेना। ऐसा काम करना कि दोनों तरफ बात बन जाए, नहीं तो तू सोना पहनने लायक भी नहीं रहेगा। वॉयस रिकॉर्डिंग में स्पष्ट रूप से 5 करोड़ रुपए की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि अगर कॉल इग्नोर की गई तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना। खटीक ने बताया कि उन्होंने कॉल सुनकर घबराहट महसूस की और अगले ही दिन कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया। कोतवाली थानाधिकारी तुलसीराम प्रजापत ने बताया कि धमकी देने वाला नंबर विदेशी है और इसकी जांच की जा रही है। खटीक के घर के बाहर तीन पुलिसकर्मी लगातार निगरानी में हैं।पुलिस ने कहा कि भीड़भाड़ और खटीक की हाल ही में हुए ब्रेन हेमरेज व ट्यूमर इलाज की वजह से कई कॉल समय पर नहीं सुनी जा सकीं। 50 वर्षीय कन्हैयालाल खटीक अखिल भारतीय खटीक समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि कॉल सुनकर और 5 करोड़ की फिरौती की मांग जानकर वे काफी घबरा गए। पुलिस ने उनके सुरक्षित रहने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है और घटनाक्रम की जांच जारी है।

# हेमंत सरकार की पहली वर्षगांठ पर नियुक्ति पत्र समारोह का आयोजन आज

## पुलिस हाई अलर्ट पर, यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव



**रांची, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 28 नवंबर को सरकार गठन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मोराबादी मैदान में आयोजित होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को लेकर गुरुवार को सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र रांची मनोज कौशिक ने सभी वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था और बल प्रतिनियुक्ति की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के लिए अधिकारियों और कर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान एसएसपी राकेश रंजन, ग्रामीण एवं नगर पुलिस अधीक्षक, यातायात पुलिस अधीक्षक सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी उपस्थित थे। विस्तृत रूप से भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा घेरा, वीआईपी मूवमेंट, स्टेज एरिया की सुरक्षा तथा पार्किंग प्रबंधन पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा के कई घेरों में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्थिति पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए दल सतर्क रहे। कार्यक्रम के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था में शुक्रवार को विशेष बदलाव किया गया है। सुबह छह बजे से रात दस बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

इसके अलावा एसएसपी आवास से मोराबादी टीओपी की ओर जाने वाला मार्ग सामान्य वाहनों के लिए बंद रहेगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की सुविधा के लिए रांची कालेज परिसर, डीआईजी ग्राउंड, आर्मी मैदान और टीआरआई मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर शहर के कुछ मार्गों में अस्थायी बदलाव भी किए जा सकते हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और आवश्यक होने पर ही मोराबादी की ओर जाएं, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा चाक-चौबंद रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

# फरीदाबाद की सड़कों पर हादसों और प्रदूषण का कारण बन रहे जुगाड़ वाहन, पुलिस कर रही कार्रवाई

**फरीदाबाद, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

जिले की सड़कों पर चल रहे जुगाड़ वाहन हादसों का कारण बन रहे हैं। जुगाड़ वाहन में पाइप, सरिया, लोहा, रेत, बजरी व ईंट आदि की ढुलाई की जाती है। अब कोहरा शुरू होने वाला है। ऐसे वाहन सड़क हादसों का बड़ा कारण बनते हैं, क्योंकि ऐसे वाहन नियमों की खूब धज्जियां भी उड़ाते रहते हैं।जुगाड़ के वाहनों में पर रिफ्लेक्टर व लाइट भी नहीं होती। इसलिए यह दिखाई भी नहीं देते। हाईवे समेत अन्य लिंक मार्गों पर इन वाहनों की भरमार है। सुरक्षित यातायात को लेकर दैनिक जागरण के अभियान के तहत हम सातवीं किस्त में जुगाड़ वाहनों पर केंद्रित रिपोर्ट में बताएंगे कि किस तरह अन्य वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं और प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं। अब तो जुगाड़ वाहन मोटरसाइकिल के पीछे भी लोहे की बाडी लगाकर बनाए जा रहे हैं। इनकी संख्या एकाएक बढ़ गई है। एक अनुमान के



अनुसार 20 हजार से अधिक बाइक को जुगाड़ वाहन का रूप दे दिया है। यहां तक कि इनके आगे-पीछे नंबर प्लेट भी गायब रहती है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले इन वाहनों को रोकने से जिला पुलिस विफल साबित हो रही है। जुगाड़ वाहनों का चूंकि पंजीकरण ही नहीं होता तो बीमा कहां से हो। इन वाहनों के पास कोई दस्तावेज नहीं होता। ऐसे में हादसा होने पर पीड़ित को कोई क्लेम तक नहीं मिल पाता। बाइक से बने इन जुगाड़ वाहनों में क्षमता से ज्यादा सामान भी लदा जाता है। रात के समय में यह वाहन राहगीरों के लिए ज्यादा खतरनाक होते हैं। कई बार अंधेरे में न दिखाई देने पर हादसे हो जाते है। अधिकतर की नंबर प्लेट गायब रहती है। ऐसे वाहन काला धुआं छोड़ते हुए सड़क पर नजर आते हैं। ऐसे वाहन अपने वाहन के प्रदूषण की भी जांच नहीं कराते। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। ऐसे चालक इन वाहनों पर ओवरलोड सामान लादकर पुलिसकर्मियों के सामने से भी गुजरते हैं। इसके बावजूद अधिकारी अनजान बने है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन वाहनों पर पुलिस और परिवहन विभाग के कोई नियम लागू नहीं होते हैं।आम वाहनों के लिए रोड टैक्स, इंश्योरेंस, फिटनेस सहित तमाम तरीके टैक्स देय होते हैं लेकिन इन वाहनों के चालक कोई टैक्स नहीं देते। नए वाहन एक्ट के अनुसार सड़क पर बिना पंजीकरण कोई गाड़ी चलाना अपराध है। दावा किया जाता है कि वायु प्रदूषण करने वाली गाड़ियां तो कतई नहीं चलेंगी लेकिन यह सब हो रहा है। जुगाड़ वाहन वातावरण को भी प्रदूषित करते हैं। बिना दस्तावेज वाले वाहनों के चालान होने चाहिएबाइक का कामर्शियल प्रयोग किया जा रहा है। इस तरह के वाहनों की धरपकड़ की जा रही है। चालान भी हो रहे हैं। सख्ती और बरती जाएगी।-मुनीश सहगल, सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण

## धार्मिक आधार पर विभाजनकारी राजनीति कर रहे CM उमर सुनील शर्मा ने कहा- SMVDIME पर हिंदू का पहला हक



**जम्मू, 28 नवंबर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर धार्मिक आधार पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया है।उन्होंने श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंसी में एमबीबीएस दाखिलों में स्थानीय हिंदू उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने की मांग की है। शर्मा ने कहा कि श्राइन बोर्ड का संस्थान श्रद्धालुओं के अर्पित दान से संचालित है और इसमें अधिकांश दान देने वाले हिंदू हैं। जिससे दाखिले पर पहला हक उनका बनता है। यहां वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में शदूर्मा ने कहा कि हम किसी भी धर्म के छात्रों के अन्य संस्थानों में पढ़ने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन यह एक विशेष मामला है। उन्होंने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन यूनिवर्सिटी एक्ट में संशोधन की मांग की, जिसमें स्थानीय हिंदू आबादी को शैक्षणिक व रोजगार अवसरों में प्राथमिकता देने के लिए नए प्रावधान जोड़े जाएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में तत्कालीन नेशनल कांफ्रेंस सरकार ने बाबा गुलाम शाह विश्वविद्यालय में विशेष आरक्षण दिया था। इसी तरह का विशेष आरक्षण श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय में भी दिया जाना चाहिए। यह एक ऐतिहासिक गलती है जिसे ठीक किया जाना चाहिए।

## सुर्ख लाल साड़ी और बैकलैस ब्लाउज, कृति सेनन का बोल्ड लुक काट रहा गदर



बॉलीवुड की खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस कृति सेनन एक बार फिर अपने अंदाज से इंटरनेट पर धमाल मचा रहीं हैं. अपनी अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में को लेकर बिजी कृति हाल ही में एक इवेंट में रेड साड़ी में शिरकत करती नजर आईं, जहां उनका ट्रेडिशनल लुक देखते ही बन रहा था. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई उनकी ये तस्वीरें फैंस के दिलों में खलबली मचा रही हैं.

कृति सेनन ने इस बार बेहद खूबसूरत मैरून प्रिंटेड साड़ी को चुना, जिसमें उनका देसी लुक और भी निखरकर सामने आया. साड़ी का फ्लोई पल्लू और हल्का प्रिंट उनकी पर्सनैलिटी को खास ग्लैमर टच दे रहा है. एक्ट्रेस ने इसके साथ बैकलेस ब्लाउज कैरी किया, जिसकी पतली डोरी पर फैंस की नजरें टिक गई.

उनकी हर तस्वीर में अलग-अलग पोज हैं, लेकिन हर बार उनकी ग्रेस और कॉन्फिडेंस साफ झलकता दिखा. बिंदी, मैसी बन और कमाल की स्टाइल ऐसे अपने देसी लुक को कृति ने किया कंप्लीट. जिसमें वो बेहद सिंपल लेकिन एलिगेंट नजर आईं.

कृति ने रेड साड़ी के साथ ब्लैक बिंदी, मैसी बन, गोल्डन ज्वेलरी, और सेटल मेकअप रखा. इस लुक में पहुचकर एक्ट्रेस ने इवेंट की पूरी लाइमलाइट ही लूट ली, उन्होंने ट्रेडिशनल के साथ वेस्टन का जो फ्यूजन इस लुक में जोड़ा है, फैंस को खूब पसंद आ रहा है. जिसपर फैंस दिल खोलकर प्यार बरसा रहे हैं.

कृति ने जो आउटफिट चुना है, उसने उनके लुक को एक परफेक्ट देसी टच दिया है. सोशल मीडिया यूजर्स उनकी बिंदी और बैकलेस ब्लाउज पर दिल हार बैठे हैं. कमेंट सेक्शन में फैंस ने उन्हें गॉर्जियस , स्टनिंग और देसी क्वीन जैसे नामों से नवाज रहे हैं.

एक फोटो में कृति साड़ी का पल्लू हवा में लहराते हुए पोज देती दिखीं, जिसे देखकर फैंस की तारीफें रुक नहीं रहीं. लोग उनकी तुलना अप्सरा से कर रहे हैं. उनकी इन तस्वीरों पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं जिसकी संख्या लगातार बढ़ रही है.

कृति ने इन फोटोज के साथ अपनी फिल्म तेरे इश्क में का जिक्र करते हुए एक प्यारी सी लाइन भी लिखी, तेरे इश्क में हर रंग लाल नजर आता है... उनकी इस शायराना अंदाज ने पोस्ट को और भी खास बना दिया है.

कृति ने इन फोटोज के साथ अपनी फिल्म तेरे इश्क में का जिक्र करते हुए एक प्यारी सी लाइन भी लिखी, तेरे इश्क में हर रंग लाल नजर आता है... उनकी इस शायराना अंदाज ने पोस्ट को और भी खास बना दिया है.

## जावेद जाफरी की फिल्म मायासभा का मोशन पोस्टर हुआ जारी, खूंखार अवतार में दिखे ऐक्टर

बॉलीवुड अभिनेता जावेद जाफरी की आगामी फिल्म मायासभा काफी समय से चर्चा में थी। निर्माताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर दिया है। पोस्टर में अभिनेता को डरावने खूंखार अतवार में दिखाया गया है, जिसे देखने के बाद लोगों का उत्साह बढ़ गया है। फिल्म के निर्देशन की कमान राही अनिल बर्वे ने संभाली है, जो तुम्बाड जैसी सफल फिल्म को निर्देशित कर चुके हैं। एक बार फिर वह रहस्य और रोमांच से भरपूर मायासभा लेकर आ रहे हैं।

मायासभा के पोस्टर में जावेद बूढ़े व्यक्ति के रूप में दिखे हैं, जिसके लंबे और उलझे बाल हैं। चेहरे पर अजीब मुखौटा है जिसमें उन्हें पहचानना नामुमकिन लगता है।



रहस्य और रोमांच से भरपूर कहानी पोस्टर शेयर करते हुए राही ने कैप्शन में लिखा, एक दशक पहले हमने एक पागलपन का खुलासा किया था, एक ऐसा प्रयोग जो अजीब, अथाह और अकल्पनीय था। अब वह अभिशाप टूट गया है। परमेश्वर खन्ना (जावेद जाफरी) की रहस्यमयी दुनिया आखिरकार सामने आ रही है। सोने की खोज का आनंद लें, जो अब शुरू होने वाली है। इस कैप्शन से यह साफ है कि 'मायासभा' भी 'तुम्बाड' की तरह रहस्य, लालच और मानव स्वभाव की गहराइयों को खंगालने वाली फिल्म होगी।

फिल्म में जावेद जाफरी के अलावा और कौन कलाकार नज़र आएंगे, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। हालांकि, जावेद के प्रशंसक उन्हें लंबे समय बाद किसी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। राही की बहन और मशहूर कोरियोग्राफर फुलवा खामकर ने भी यह पोस्टर शेयर करते हुए भाई को शुभकामनाएं दीं। फिलहाल 'मायासभा' की रिलीज़ डेट का ऐलान नहीं हुआ है।

निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, एक दशक पहले हमने एक पागलपन का खुलासा किया था, एक ऐसा प्रयोग जो अजीब, अथाह और अकल्पनीय था। अब वह अभिशाप टूट गया है। परमेश्वर खन्ना (जावेद) की रहस्यमयी दुनिया आ रही है। फिल्म की रिलीज तारीख और अन्य कास्ट का ऐलान होना बाकी है।

# ठंड के मौसम में होंठो पर लगाएं इन 5 शेड की लिपस्टिक, लगेंगी खूबसूरत

ठंड के मौसम में लिपस्टिक चुनते समय ऐसे शेड्स का चयन करना चाहिए, जो न केवल मौसम के अनुकूल हों, बल्कि आपके चेहरे की रंगत को भी उभारें। इस मौसम में गहरे शेड्स वाली लिपस्टिक का चलन रहता है। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे शेड्स के बारे में बताएंगे, जो ठंड के मौसम में आपके लुक को खास बना सकते हैं और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कराएंगे।

वाइन लिपस्टिक शेड

वाइन लिपस्टिक शेड ठंड के मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह शेड्स न केवल आपके होंठों को गहरा और आकर्षक बनाता है, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाता है। वाइन शेड की लिपस्टिक लगाने से आपके होंठों पर एक शाही और आकर्षक लुक मिलता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के साथ भी अच्छी तरह मेल खाता है, जिससे आपका चेहरा और भी निखर कर आता है।

डीप बेरी लिपस्टिक शेड

डीप बेरी लिपस्टिक शेड भी ठंड के मौसम में बहुत पसंद किया जाता है। यह शेड्स आपके होंठों को गहरा और समृद्ध दिखाता है, जिससे आपका लुक और भी खास लगता है। डीप बेरी शेड की लिपस्टिक लगाने से आपके होंठों पर एक बोल्ड और आकर्षक लुक मिलता है। इसके अलावा यह शेड आपकी त्वचा के साथ भी अच्छी तरह मेल खाता है, जिससे आपका चेहरा और भी निखर कर आता है।

डार्क ब्राउन लिपस्टिक शेड

डार्क ब्राउन लिपस्टिक शेड उन महिलाओं के लिए बढ़िया है, जो प्राकृतिक दिखना पसंद करती हैं, लेकिन थोड़ी सी गहराई भी चाहती हैं। यह शेड आपके होंठों को एक सुंदर और प्राकृतिक लुक देता है, जिससे आपका चेहरा ताजगी भरा लगता है। डार्क ब्राउन शेड की लिपस्टिक लगाने से आपके होंठों पर एक हल्का सा गहरा प्रभाव पड़ता है, जिससे आपका लुक और भी निखर कर आता है। यह शेड हर प्रकार की त्वचा पर अच्छा लगता है।

सॉफ्ट पिंक लिपस्टिक शेड

अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए कोई ऐसा शेड ढूंढ रही हैं, जो हर मौके पर फिट बैठे तो सॉफ्ट पिंक लिपस्टिक शेड बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह शेड न केवल आपके होंठों को नरम और कोमल दिखाता है, बल्कि आपके पूरे चेहरे पर ताजगी भी लाता है। सॉफ्ट पिंक शेड की लिपस्टिक लगाने से आपके होंठों पर एक प्राकृतिक और आकर्षक प्रभाव पड़ता है, जिससे आपका लुक और भी निखर कर आता है।

स्कारलेट रेड लिपस्टिक शेड

स्कारलेट रेड लिपस्टिक शेड किसी भी खास मौके पर पहनने के लिए उपयुक्त होता है। चाहे वह शादी हो या कोई पार्टी, यह शेड आपके पूरे लुक को शाही बना देता है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कराता है। स्कारलेट रेड शेड की



लिपस्टिक लगाने से आपके होंठों पर एक बोल्ड और आकर्षक लुक मिलता है, जिससे आपका चेहरा और भी निखर कर आता है। यह शेड हर प्रकार की त्वचा पर अच्छा लगता है।

# सर्दियों के दौरान इन फलों का करें सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता होगी मजबूत



फल विटामिन, खनिज, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने, पाचन को बेहतर बनाने, त्वचा को निखारने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं।

खासकर सर्दियों के दौरान कुछ फल आसानी से मिल जाते हैं और इनका सेवन शरीर को सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं से सुरक्षित रखने के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकता है। आइए सर्दियों के लिए सबसे अच्छे फल जानते हैं।

सेब का सेवन है फायदेमंद

सेब में विटामिन-सी, पोटेशियम, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो पाचन को ठीक रखने, त्वचा को निखारने, दिल को स्वस्थ रखने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। रोजाना एक सेब खाने से आप इन फायदों का लाभ उठा सकते हैं। इसे आप सलाद या स्मूदी के रूप में भी खा सकते हैं। सेब का नियमित सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

अनार में मौजूद होते हैं कई पोषक तत्व

अनार में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, सूजन को कम करने वाले और कीटाणुओं से लड़ने वाले गुण होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। यह फल शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाने में भी कारगर हो सकता है। अनार में कुछ खास तत्व होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। अनार का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

कीवी भी है लाभदायक

कीवी में विटामिन-सी, विटामिन-ई, पोटेशियम और अन्य जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा कीवी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और सूजन को कम करने वाले गुण होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाने में मदद कर सकते हैं। रोजाना एक कीवी खाने से आप इन फायदों का लाभ उठा सकते हैं। कीवी का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

अंगूर भी होते हैं पौष्टिक

अंगूर में प्राकृतिक रूप से एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट्स की कमी को पूरा कर सकते हैं और हानिकारक तत्वों के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। अंगूर का सेवन शरीर को हानिकारक बैक्टीरिया और संक्रमण से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। अंगूर में कुछ खास तत्व होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से लड़ने में मदद कर सकते हैं।

चकोतरा भी है फायदेमंद

चकोतरा में विटामिन-सी, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और सूजन को कम करने वाले गुण होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों के प्रभाव से बचाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। चकोतरा का सेवन पाचन क्रिया को ठीक रखने, त्वचा को निखारने और दिल को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है। रोजाना एक चकोतरा खाने से आप इन फायदों का लाभ उठा सकते हैं। चकोतरा का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।



## जदों दा मोबाइल आ गया फिल्म ने दिलाई मेरे कॉलेज के दिनों की याद : डेलबर आर्या

पंजाबी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री डेलबर आर्या इन दिनों अपनी नई फिल्म जदों दा मोबाइल आ गया को लेकर चर्चाओं में हैं। उन्होंने फिल्म के अनुभव के बारे में बताया और कहा कि यह यात्रा उनके लिए कितनी खास रही। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में काम करना कॉलेज के दिनों की याद दिला गया।

यह उनकी जीवनशैली से काफी मेल खाता है। डेलबर आर्या ने फिल्म के एक रोमांटिक गाने की शूटिंग का जिक्र किया। उन्होंने कहा, फिल्म का एक रोमांटिक गाना मेरे लिए काफी मजेदार था। यह गाना फिल्म की आखिरी शूटिंग का हिस्सा था। इस गाने की शूटिंग के दौरान मुझे अपने कॉलेज के दिनों की याद आ गई, और मैंने इस किरदार को पर्दे पर जीवंत बनाने का भरपूर आनंद लिया।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं बेहद उत्साहित हूं, यह जानने के लिए कि जब दर्शक मेरे इस नए अवतार को देखेंगे, तो उनकी प्रतिक्रिया कैसी होगी। मेरा किरदार सिमरन मजेदार और आजाद ख्यालों वाला है। वह अपनी जिंदगी अपने शर्तों पर जीती है और हमेशा खुश रहती है। डेलबर ने बताया कि उनके किरदार का एक गाना बचा हुआ था, जो अब शूट हो गया है।

उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि फिल्म पूरी तरह तैयार हो चुकी है और यह अगले साल रिलीज होने वाली है। फिल्म जदों दा मोबाइल आ गया का निर्देशन नवजीत सिंह ने किया है और इसे सौरभ राणा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का विषय आज के युवाओं और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को दर्शाना है। इस फिल्म में डेलबर आर्या एक पीएचडी छात्रा के किरदार में दिखाई देंगी।

इनके अलावा, फिल्म में करमजीत अनमोल, सोही सरदार और रूपिंदर रूपी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। डेलबर आर्या अपने अन्य प्रोजेक्ट्स में काफी व्यस्त हैं। वह जल्द ही पंजाबी फिल्म मधानिया में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में उनका किरदार थोड़ा चुनौतीपूर्ण और ग्रे-शेड वाला है। इस फिल्म में पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे जैसे नीरू बाजवा, देव खरौद, गुरप्रीत घुग्गी, पूनम ढिल्लों आदि नाम शामिल हैं।

## किस किस को प्यार करूं 2 का ट्रेलर रिलीज, 4 बीवियों के चक्कर में फंसे कपिल शर्मा



कॉमेडियन-अभिनेता कपिल शर्मा की आगामी फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 काफी समय से लोगों का ध्यान खींच रही थी। आखिरकार निर्माताओं ने मनोरंजन से भरपूर फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। 2015 में इस फिल्म की पहली किस्त रिलीज हुई थी जिसने लोगों को खूब प्यार बटोरा था। अब दूसरी किस्त के साथ कपिल अपनी दुल्हनियों की टोली के साथ लौट आए हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अनुकल्प गोस्वामी ने संभाली है।किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर 2 मिनट और 57 सेकंड का है, जिसमें दिवंगत अभिनेता असरानी भी हैं। ट्रेलर में दिखाया गया कि कपिल एक लड़की से प्यार करते हैं और उनसे शादी के लिए 3 बार धर्म बदलते हैं. लेकिन तीनों बार किसी और लड़की से शादी हो जाती है. उनकी तीनों पत्नियां एक ही बिल्डिंग में अलग-अलग फ्लोर पर रहती हैं. अब कपिल शर्मा चौथी शादी करने की प्लानिंग में हैं. उनकी जिंदगी में पल-पल इतने ट्विस्ट आ रहे हैं कि फैंस देखकर हंसी से लोट-पोट हो जाएंगे. ट्रेलर में ये भी दिखाया गया कि कपिल शर्मा के पीछे पुलिस भी पड़ी है. फिल्म के ट्रेलर को फैंस जमकर पसंद कर रहे हैं. कपिल ने ट्रेलर पोस्ट कर लिखा- 4 पत्नियां. इसे अपने घर में ट्राई न करें. ये स्टंट हमारे एक्सपर्ट ने परफॉर्म किया है. फिल्म में इस बार भी कपिल, 4 लड़कियों के प्यार में उलझे और एक-दूसरे से बचते दिखाई देंगे। यह चारों कोई और नहीं, बल्कि हीरा वरीना, त्रिधा चौधरी, पारुल गुलाटी और आयशा खान हैं। अभिनेता मनजोत सिंह और सुशांत सिंह भी अहम किरदार में हैं।

## कृति सैनन और धनुष की फिल्म तेरे इश्क में रिलीज से पहले कर ली शानदार कमाई



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन और धनुष आगामी फिल्म तेरे इश्क में को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर और गानें लोगों को काफी पसंद आए हैं। निर्देशक आनंद एल रॉय रांझणा के बाद, धनुष संग मिलकर एक और एक प्रेम कहानी दर्शकों के बीच ला रहे हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी थी, जिसके शानदार आंकड़े सामने आ चुके हैं। रिलीज से कुछ समय पहले तक तेरे इश्क में की अच्छी शुरुआत देखने को मिली है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, कृति और धनुष अभिनीत तेरे इश्क में ने 4,963 शो के लिए कुल 45,329 टिकटों की बिक्री कर डाली है। यह बिक्री हिंदी 2डी शो के लिए हुई है। तमिल 2डी शो को मिलाकर कुल टिकटों की बिक्री 45,718 है, जिसके जरिए इसने 1.12 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं कुल प्री-सेल 2.67 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। कुल मिलाकर एडवांस बुकिंग में फिल्म की शुरुआत अच्छी रही है। तेरे इश्क में को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की तरफ से मंजूरी मिल गई है। सिर्फ बातचीत में एक शब्द बदला गया है। अन्य किसी दृश्य को नहीं हटाया गया है। बताया जाता है कि सीबीएफसी की तरफ से फिल्म को यू/ए 16+ प्रमाणपत्र मिला है। फिल्म की कुल अवधि 169.17 मिनट यानी 2 घंटे, 49 मिनट और 17 सेकंड बताई गई है। तेरे इश्क में 28 नवंबर, 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है।

## शब्द सामर्थ्य - 241


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 240 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## ममूटी की कलमकावल को मिली रिलीज तारीख

सुपरस्टार ममूटी की बहुप्रतीक्षित मलयालम फिल्म कलमकावल का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले कई महीनों से इस फिल्म की रिलीज तारीख लगातार टलती आ रही थी। लोगों के इंतजार को खत्म करते हुए निर्माताओं ने आखिरकार फिल्म की नई रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए दी गई है। बता दें कि फिल्म कलमकावल का निर्देशन जितिन के जोस ने किया है। ममूटी की फिल्म कलमकावल के लिए पहले 27 नवंबर की तारीख तय की गई थी, लेकिन फिर इसे टाल दिया गया। अब सुपरस्टार के प्रोडक्शन हाउस, ममूटी कंपनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, हमें पता है कि आपने लंबा इंतजार किया है... इंतजार सार्थक होगा... कलमकावल, 5 दिसंबर, 2025 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में। शांत रहें और उसका इंतजार करें... इस पोस्ट ने ममूटी के प्रशंसकों को चैन की सांस दी है।

# भरतपुर ब्लाक में फर्जी बिल लगाकर निकाले लाखों रूपए

## सेमरिहा पंचायत में सरपंच और सचिव ने किया खेला



**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनपद पंचायत भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिहा में विकास कार्यों के लिए शासन से मिली राशि का बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है।

भरतपुर जनपद सीईओ के संरक्षण में सेमरिहा पंचायत के सरपंच और सचिव आपस में मिलकर लाखों रुपए की राशि फर्जी बिल व्हाउचर लगाकर पंचायत के खाते से निकाल ली, जिसका खुलासा तब हुआ जब इन फर्जी बिलों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। ये फर्जी बिल भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बयां कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत सेमरिहा में कई ऐसे कार्य व सामग्री के फर्जी बिल व्हाउचर बनाए गए और फिर इन्हीं बिलों के आधार पर लाखों की राशि निकाल ली गई। ये राशि उन कामों के नाम पर निकाली गई है, जो काम पंचायत क्षेत्र में हुए ही नहीं है या फिर अधूरे छोड़ दिए गए हैं। इन फर्जी बिलों से राशि आहरण करने में सरपंच सचिव की मिलीभगत साफ नजर आ रही है। क्योंकि अधिकांश राशि का ऑनलाइन भुगतान एक ही काम और सामग्री के नाम पर चहेते लोगों के बैंक खातों में किए गए हैं। जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ कागजी घोटाला नहीं है, बल्कि इसमें ऑनलाइन भुगतान प्रणाली का भी दुरुपयोग किया गया है। इस फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार की जानकारी भरतपुर जनपद के सीईओ को होने के बावजूद खामोश रहने में कमीशन के खेल की बात सामने आ रही है। जिससे स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत सेमरिहा में हुए लाखों के फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार की जिला स्तरीय जांच की मांग किए हैं।

## बंगाल में बने सिस्टम से छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार

**कोरिया बैकुंठपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने डीप प्रेशर एरिया के कारण छत्तीसगढ़ में आज बादल छाए रह सकते हैं। दक्षिण और मध्य हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है।पिछली रात से ठंड में वृद्धि हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री तक और गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिन तक कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में अगले 24 घंटों में शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया गया है।स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए शीतलहर के दौरान अनावश्यक बाहर न निकलें, जरूरी होने पर ही यात्रा करें और पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें।

# हाथी के हमले में एक की मौत



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रेम नगर वन क्षेत्र से कोरिया में 11 हाथियों के दलों का प्रवेश कोरिया बिशनपुर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वन मंडलाधिकारी के निर्देश पर 24 घंटे निगरानी के लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो लगातार एलर्ट मोड पर तैनात है।

वन विभाग ने बताया कि हाथियों का दल जंगल से निकलकर आसपास के गांवों, खेतों तथा जल स्त्रोतों के पास देखा जा रहा है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता बेहद जरूरी है। विभागीय अधिकारी लगातार मुनादी, व्हाट्सऐप ग्रुप और गांवों में संदेश भेजकर लोगों को सावधान कर रहे हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे किसी भी स्थिति में हाथियों के विचरण क्षेत्र में न जाएं और न ही उन्हें निकट से देखने का प्रयास करें। हाथियों की उपस्थिति में शोर-शराबा करना या उन्हें भगाने की कोशिश करना अत्यंत खतरनाक हो सकता है। विभाग ने ग्रामीणों को अपने घरों और खेतों के आसपास आवश्यक रोशनी की व्यवस्था करने और रात में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह भी दी है। वन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि हाथियों के कारण फसल या किसी अन्य प्रकार की क्षति होती है तो त्वरित सर्वेक्षण के बाद प्रभावित किसानों को नियम अनुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करेगी और जल्द से जल्द राहत दिलाई जाएगी। हाथियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए विभाग पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहा है तथा लोगों से सहयोग की अपील कर रहा है, ताकि मानव-हाथी संघर्ष की किसी भी स्थिति को टाला जा सके और वन्यजीवों के संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

## भरतपुर एसडीएम ने किया माँ चांग राइस मिल का औचक निरीक्षण

**एमसीबी।** भरतपुर ब्लॉक के चिडौला ग्राम में संचालित माँ चांग राइस मिल में आज अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भरतपुर शशि शेखर मिश्रा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार कुंवारपुर महेन्द्र साहू, खाद्य निरीक्षक भरतपुर तथा खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया, जिसमें मिल संचालन से संबंधित कई गंभीर तथ्य उजागर हुए। प्रशासन की टीम के पहुंचते ही मिल परिसर में कार्यप्रणाली, दस्तावेज, स्टॉक तथा सुरक्षा मानकों से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि राइस मिल संचालक द्वारा किसी भी प्रकार की अनिवार्य पंजी पुस्तिकाएँ संधारित नहीं की गई थीं। खरीद, परिवहन, प्रोसेसिंग और भंडारण से जुड़ी अनिवार्य प्रविष्टियों का अभाव मिल संचालन पर संदेह पैदा करता है। इसके अलावा, भौतिक सत्यापन में 2574 बोरा धान कम पाया गया, जो बड़े स्तर पर धान ग़बन या हेराफेरी की आशंका को दर्शाता है। प्रशासन ने इसे अत्यंत गंभीर अनियमितता माना है, क्योंकि धान की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्टॉक का सटीक मिलान अनिवार्य है। श्रमिक सुरक्षा और कानूनों के अनुपालन में भी राइस मिल पूरी तरह फेल पाई गई। निरीक्षण में न तो श्रमिकों का पंजीयन पाया गया, न ही किसी भी प्रकार का बीमा सुरक्षा कवरेज उपलब्ध था। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन नहीं किया जा रहा था और कार्यस्थल पर मूलभूत सुरक्षा सामग्री जैसे मास्क, ग्लव्स, सेफ्टी किट तक उपलब्ध नहीं थे। इससे स्पष्ट होता है कि मिल प्रबंधन श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहा है। पर्यावरणीय नियमों के पालन में भी राइस मिल की स्थिति अत्यंत चिंताजनक रही। एयर एवं वाटर पॉल्यूशन ह्लह्ष्ट की शर्तों के अनुसार मिल परिसर में धूल नियंत्रण हेतु स्प्रिंकलर सिस्टम, वृक्षारोपण, अपशिष्ट जल प्रबंधन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसी कोई भी व्यवस्था नहीं पाई गई। इसके अलावा भू-जल दोहन के लिए आवश्यक सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की अनुमति भी प्राप्त नहीं की गई थी, जो पर्यावरणीय कानूनों का प्रत्यक्ष उल्लंघन है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के प्रथम कोरिया आगमन पर भव्य स्वागत



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के प्रथम कोरिया आगमन पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने खरवत चौक में करमा, ढोल-नगाड़ा व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय,राजेश सिंह, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, शिव कुमारी सोनपाकर, ईश्वर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, प्रदीप तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, जिला सोशल मीडिया संयोजक जगनारायण साहू, सह संयोजक राकेश गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े,महामंत्री संगीता गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरशद खान, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, मैनेजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, किशोर सिरदार, राजाराम राजवाड़े, रमन गुप्ता, मनोज साहू, सुरेश राजवड़े, सचिदानंद द्विवेदी, सुशीला साहू, रीता यादव, रामाशंकर सिंह, सचिन मलिक, मुन्ना चक्रधारी, सुभाष साहू, बिजेन्द्र जायसवाल, अवधबिहारी जायसवाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, संतोष राजवाड़े, सुखदेव राजवाड़े, रामाशंकर उईके, धीरेन्द्र साहू, सुरेश सिरदार, मनोज सोनवानी, प्रियंक सिंह, साक्षी सिंह, रमावती राजवाड़े सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## दीपचंद ने दिखाया कृषि में तकनीक और परिश्रम का समन्वय

**कोरिया।** धान खरीदी अभियान के तहत आज ग्राम तलवापारा के 40 वर्षीय किसान दीपचंद साहू, अपने पिता शेषमन साहू के नाम से टोकन काटाकर आज साख सहकारी समिति छिंदडाड पहुंचा और 38.80 क्विंटल धान का विक्रय किया। उनके पिता जी के नाम पंजीकृत 0.7520 हेक्टेयर कृषि भूमि में धान की बुवाई की गई थी, जिसमें मेहनत, आधुनिक खेती पद्धतियों और समय-समय पर की गई देखरेख का फल उन्हें संतोषजनक उत्पादन के रूप में मिला। किसान दीपचंद ने समिति में बताया कि उन्होंने धान खरीदी समिति में अपना टोकन काटकर धान विक्रय की प्रक्रिया पूर्ण की। राज्य शासन द्वारा तय 2,369 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के आधार पर उन्हें कुल 91917 रुपए की राशि प्राप्त होगी। वे इस पारदर्शी प्रणाली और समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से संतुष्ट दिखे। किसान दीपचंद ने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अगली फसल के लिए खाद-बीज की खरीदी, खेत की आवश्यक तैयारियों और परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में करेंगे। उन्होंने कहा कि समय पर खरीदी और समर्थन मूल्य मिलने से किसानों का उत्साह बढ़ता है और युवा पीढ़ी भी खेती की ओर आकर्षित होती है।

## समिति की व्यवस्था से संतुष्ट, प्राप्त राशि का करेंगे उपयोग खाद-बीज एवं दैनिक जरूरतों में

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत आज ग्राम खरवत निवासी 32 वर्षीय किसान श्री विवेक कुमार राजवाड़े (पिता - ईश्वर दयाल राजवाड़े) ने सहकारी समिति, छिंदडाड में पहुंचकर धान विक्रय किया। उन्होंने समिति के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया था। विवेक कुमार ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 1.4150 हेक्टेयर भूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केंद्र में उन्होंने 40 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 94760 रुपए की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि धान बिक्री से मिली राशि का उपयोग वे अपने और अपने भाई की शादी व दैनिक जरूरतों में व्यय करेंगे।

## 69 वर्षीय किसान बीरसाय राजवाड़े ने बेचा 53.38 क्विंटल धान

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत आज ग्राम सागरपुर निवासी 69 वर्षीय किसान श्री बीरसाय राजवाड़े (पिता- स्व रामा राजवाड़े) ने साख सहकारी समिति, जामपारा में पहुंचकर धान विक्रय किया। किसान बीरसाय ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 1.0370 हेक्टेयर भूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केंद्र में उन्होंने 53.80 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 127452 रुपए की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि धान बिक्री से मिली राशि का उपयोग वे खाददृबीज की खरीदी एवं दैनिक उपयोग की आवश्यकताओं को पूरा करने में करेंगे। किसान राजवाड़े ने खरीदी केंद्र की सुगम एवं व्यवस्थित प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष किसानों के लिए की गई व्यवस्थाएँ काफी सुविधाजनक और पारदर्शी हैं।

## 33.20 क्विंटल धान बेचकर कहा-सबसे अधिक दाम देकर सरकार ने किसानों का सम्मान बढ़ाया

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच आज छिंदडाड समिति में ग्राम छिंदडाड के 52 वर्षीय किसान श्री संतोष कुमार साहू , पिता सुमान राम साहू ने धान विक्रय किया। उनके पास कुल 0.6400 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा है। उन्होंने टोकन समिति के माध्यम से सहजता से टोकन प्राप्त कर उपार्जन केंद्र में पहुंचकर 38 क्विंटल धान की बिक्री पूरी की। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे खेती-बाड़ी, दैनिक आवश्यकताओं और कर्ज भुगतान के लिए करेंगे। धान खरीदी में तकनीकी सुविधाओं के उपयोग से किसानों की प्रक्रिया अब अधिक पारदर्शी और समय बचाने वाली हो गई है, जिसका लाभ श्री संतोष जैसे अनेक किसान उठा रहे हैं। सरकार के निर्णयों पर विश्वास जताते हुए श्री संतोष साहू ने कहा-'विष्णु देव साय सरकार किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरे देश में सबसे अधिक दाम पर धान खरीद रही है। हमारे लिए गर्व और भरोसे की बात है।

## मृतकों के वारिसों को 28 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कोरिया।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में संशोधित प्रावधानों में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अपर कलेक्टर द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 28 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें तहसील बैकुण्ठपुर के ग्राम सरड़ी निवासी खुश्बू की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस रघुनंदन राजवाड़े, ग्राम जूनापारा के निवासी पुष्पेन्द्र का मृत्यु सर्पदंश से होने पर उनके वारिस संतलाल, ग्राम कदमनारा निवासी भगवत सिंह की मृत्यु सर्पदंश से होने पर उनके वारिस राकेश, ग्राम डोहडा निवासी सुन्दर सिंह की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस सोमारू सिंह, तहसील पटना के ग्राम चिरगुडा निवासी प्रीति सिंह की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस अनिल सिंह, पुत्र प्रिंस सिंह एवं पुत्री सालनी सिंह, ग्राम तेन्दुआ निवासी सुमित कुमार की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस दिलीप कुमार, एवं ग्राम डबरीपारा निवासी अजय सिंह की सर्पदंश से होने पर उनके वारिस बसंती को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## समिति टोकन व्यवस्था से हुई प्रक्रिया और भी सरल

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत आज छिंदडाड समिति में ग्राम हर्रापारा के निवासी 50 फूलबासो सूर्यवंशी अपने पति आलमसाय सूर्यवंशी के साथ धान विक्रय करने पहुंची।

कृषिका के नाम से 0.5960 हेक्टेयर का पंजीकृत रकबा दर्ज है। समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए टोकन के आधार पर उन्होंने उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर 30.80 क्विंटल धान का सुगमतापूर्वक विक्रय किया। श्रीमती सूर्यवंशी ने बताया कि प्राप्त राशि को वे कृषि कार्यों के विस्तार, पुराने कर्ज के भुगतान तथा दैनिक जरूरतों में खर्च करेंगे। खरीदी केंद्र में उनकी उपस्थिति और व्यवस्थित प्रक्रिया ने किसानों में विश्वास बढ़ाया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) के तहत विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के 8 एवं सोनहत के 19 बीएलओ ने उत्कृष्ट एवं समयबद्ध कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। उनके इस सराहनीय प्रदर्शन पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इन अधिकारियों का प्रयास जिले के अन्य क्षेत्रों के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मण्डावी उपस्थित रहे।

## पंजीयन 03 दिसम्बर तक

**कोरिया।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नोडल अधिकारी ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ युवा उत्सव वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आगज हो गया है। जिसमें जिले के समस्त युवा प्रतिभागी भाग ले सकते हैं जिनका उम्र 15 वर्ष से लेकर 29 वर्ष तक है यह प्रतियोगिता सीधे जिला स्तर पर होना है, इसलिए समस्त कलाकारों से आग्रह है करते हुए कहा कि लोक, पंथी, सुवा, कर्मा नृत्य, राउत नाचा, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार एकांकी तथा पारम्परिक वेशभूषा तथा रॉक बैंड में भाग ले सकते हैं और अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में इच्छुक प्रतिभागी अपना आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं पंजीयन निर्धारित तिथि 03 दिसम्बर 2025 तक।

## बाल विवाह मुक्त जिला बनाये जाने हेतु महाविद्यालय में हुये विभिन्न कार्यक्रम आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलों में बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने हेतु लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हस्ताक्षेप की गति को तेज करने के लिए 100 दिवस का विषयगत अभियान संचालित किया जाना है। इस अभियान के प्रथम चरण में बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान अंतर्गत विद्यालय और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। अभियान अंतर्गत बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान विषय पर विद्यालय और महाविद्यालयों बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण समारोह, सूचना चस्पा, कक्षाओं में पोस्टर, सूचना एवं संचार सामग्री का प्रदर्शन गतिविधियों का आयोजन किया जाना है, जिसके अनुक्रम में 27 नवम्बर को नवीन महाविद्यालय बैकुण्ठपुर तथा पटना में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्रा शामिल हुये। उक्त अभियान के दौरान उपस्थित सभी को बाल विवाह की सूचना होने पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थान प्रभारी, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्प लाईन 181 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। सभी को बताया गया कि बाल विवाह को गंभीर कानून अपराध मानते हुए दो साल की सजा या एक लाख रूपए तक जुर्माना या दोनो प्रावधान हैं। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड हेल्पलाईन एवं हॉर्ड संस्था बैकुण्ठपुर का विशेष योगदान रहा।

# समय पर पूरा हो भाजपा कार्यालय का निर्माण: सिंहदेव



**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नवीन जिला कार्यालय का भव्य भूमिपूजन समारोह एफसीआई गोदाम के सामने, चैनपुर मनेंद्रगढ़ में विधि-विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, राज्य सरकार के मंत्री रामविचार नेताम व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रदेश मंत्री अखिलेश सोनी, विधायक रेणुका सिंह, भरतपुर-सोनहत विधायक तथा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले सहित भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ नेता व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ और उत्साह देखते ही बनता था। जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन में सर्वसुविधायुक्त कार्यालय का निर्माण होगा। यह कार्यालय संगठन की मजबूती का आधार बनेगा। आपके आगमन से एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित और ऊर्जावान हुआ है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भाजपा जिला कार्यालय का यह भूमिपूजन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय भाजपा संगठन के लिए मंदिर की तरह है, जो हजारों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए पार्टी की मजबूती और सेवा भाव को सर्वोपरि बताया। अपने संबोधन में मंत्री रामविचार नेताम ने भावुकता से भाजपा संगठन की यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा कि कोई नहीं सोच सकता था कि इतने बड़े कार्यालय की नींव रखी जाएगी। संगठन ही राजनीति को गति देता है और संगठन के लिए कार्यालय अनिवार्य है। आप सभी की मेहनत और समर्पण से यह 2 एकड़ भूमि उपलब्ध हो सकी है।

उन्होंने एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को मंच पर बुलाकर स्वास्थ्य मंत्री से उनका सम्मान कराया। साथ ही सरगुजा से कोरिया, सूरजपुर और एमसीबी जिले की संगठनात्मक यात्रा के संघर्षपूर्ण चरणों का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में अटल जी के कार्यक्रमों से लेकर आज तक भाजपा कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की मिसाल रहे हैं। किसानों, जरूरतमंदों और आमजन तक पहुंचने में भाजपा कार्यकर्ता हमेशा अग्रणी रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और जिलाध्यक्ष चंपा पावले लगातार कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे और हर बार यह कहा गया कि आपके आगमन पर यहां कार्यकर्ताओं में अलग ही स्फूर्ति दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि एमसीबी भाजपा के लिए यह नव निर्माण का दिन है। वर्षों से प्रतीक्षित कार्यालय आज आकार ले रहा है। भाजपा जहां भी कार्यालय की नींव रखती है,

रायपुर में महिला बैंक कर्मचारी से ऑनलाइन ठगीप्पार्सल डिलीवरी का लिंक भेजने के बहाने फोन हैक किया, खाते से उड़ाए 84 हजार

## एक परिवार के लोगों ने दो भाइयों को मारा चाकू, रेफर

जोंधरा। थाना क्षेत्र में बीती रात एक मामूली विवाद हिंसक रूप ले लिया। ग्राम सुकुलकारी (बड़ेकारी) में बुधवार को राउत बाजार के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद घटना हुई। राजेंद्र महिलांगे और उनके बड़े भाई फूलचंद महिलांगे बाजार पास स्थित कमल महिलांगे के घर गए थे, जहां फोन पर शराब देने के विवाद के कारण बहस हुई। वापस लौटते समय रहस बेड़ा चौक के पास कमल महिलांगे अपने तीन बेटों जयेश, राकेश और रघुवीर महिलांगे के साथ पहुंचा और दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में राजेंद्र और फूलचंद की पेट, सीना और कमर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर घायल हुए दोनों भाइयों को डायल 112 की टीम ने तुरंत मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया। पचपेड़ी पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## रायपुर में महिला बैंक कर्मचारी से ऑनलाइन ठगी

**रायपुर।** राजधानी में एक ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने रायपुर के ।ष्ठस्नष्ट बैंक की महिला कर्मचारी को पार्सल डिलीवरी का लिंक भेज कर ठगी की है। महिला कर्मचारी लिंक क्लिक किया तो फोन हैक हो गया। इसके बाद ठग ने खाते से 84 हजार रुपए पार कर लिए। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

ंकर नगर की रहने वाली मोनालिसा पाटनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एचडीएफसी बैंक में कार्यरत है। 5 नवंबर की रात उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर से मैसेज मिला, जिसमें लिखा था कि उनका पार्सल डिलीवरी का यह आखिरी मौका है। मैसेज के साथ एक लिंक भेजा गया था। मोनालिसा ने बताया कि उनका एक कोरियर आने वाला था, जिसके चलते उन्होंने लिंक पर क्लिक किया। लिंक में ?25 भुगतान का विकल्प आया, जिसे उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने की कोशिश की। लेकिन जैसे ही उन्होंने भुगतान किया, उनका मोबाइल हैंग हो गया और कुछ ही मिनटों में उनके खाते से ?84,968 रुपए निकल गए। राशि कटने के बाद ओटीपी और ट्रांजेक्शन मैसेज आने लगे। इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। उन्होंने तत्काल एचडीएफसी बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर अपने क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग को बंद करवाया तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।मोनालिसा ने 26 नवंबर को सिविल लाइन थाने पहुंचकर अज्ञात नंबर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि फर्जी लिंक भेजने वाला नंबर किसका है और रकम कहां ट्रांसफर की गई।

## जन्मोत्सव मनाने की तैयारी शुरू

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली का जन्मोत्सव मनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। मड़वारानी में 16 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। झाबर के साधक हरीश राजवाड़े ने व्यापक स्तर पर इस कार्यक्रम को अंजाम देने के लिए जिम्मेदारी दी है। 16 दिसंबर को हवन के साथ-साथ गुरु पूजन होगा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। लोरमी क्षेत्र के एवन कश्यप कोरबा के धनीराम साहू, आरएल साहू, घनश्याम साहू ने तैयारी शुरू कर दी है। पूरे क्षेत्र के साधकों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी घनश्याम बरेठ ने दी है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मोदी वार्डों का करेंगे दौरा

**कोरबा।** आज भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी एसआईआर को लेकर तीन वार्डों का दौरा करेंगे। सबसे पहले वे रामपुर बस्ती जाएंगे, जहां पर फार्म भरने का काम जारी है। यहां उनके साथ मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू, मिलापराम, डॉ. जय लहरे, रमा मिरी, संजीव शर्मा के साथ-साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बीएलए-1 अमीलाल चौहान भी आज बालको मंडल का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। यहां डिलेंद्र यादव, जय राठौर, संपत यादव, राजा शर्मा बूथों में जाएंगे। जबकि इधर कटघोरा मंडल के संयोजक हरीश थरवानी हरदीबाजार व भिलाईबाजार में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यहां पर उनके साथ चुलेश्वर राठौर, दिनेश राठौर भी रहेंगे।

## तिलकेजा में होगा धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ

**कोरबा।** आज जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत तिलकेजा जाकर धान खरीदी केंद्र का उद्घाटन करेंगी। यहां उनके साथ किशन साव, कमलेश अनंत, संजू वैष्णव सहित अन्य कार्यकर्ता रहेंगे। पिछले दिनों करतला में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गभेल के द्वारा धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया था। कोरकोमा में भी आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया, बृजलाल राठिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सामाजिक समस्याओं को निपटाया

**कोरबा।** साहू समाज के द्वारा समाज की कई समस्याओं को निपटाने का काम किया गया है। जिलाध्यक्ष गिरजा साहू ने कई गांवों का दौरा करते हुए अलग-अलग बैठक ली। जो भी समस्या सामने आया उसे मिलकर दूर करने का प्रयास किया। पिछले दिनों पर्यवेक्षक रामलाल साहू व मुकेश साहू के आगमन पर उन्हें कोरबा जिले में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कोरबा जिले में साहू समाज तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर समाज ने करमा मंदिर भी बनाए हैं। जहां पर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

## गंदगी जस की तस

कोरबा। मेडिकल कॉलेज के बगल में संचालित हो रहे ट्रामा सेंटर से उत्सर्जित गंदा पानी मुख्य मार्ग से होते हुए सामने की दुकानों और दुर्गा मंदिर तक पहुंच रहा है। लोगों ने इस पर ऐतराज जताया है।

### हरदीबाजार में 400 मकान से जुड़े लोगों ने कहा एसईसीएल की मनमानी नहीं होने देंगे

# नौकरी की पात्रता और सर्वे सूची का अता पता नहीं, अनशन के रास्ते पर ग्रामीण

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपिका क्षेत्र के विस्तार के लिए आसपास की जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। हरदी बाजार में जमीन की कीमत, नौकरी की पात्रता और सर्वे सूची घोषित नहीं करने सहित 14 मुद्दों को लेकर ग्रामीण होने अनिश्चितकालीन आरक्षण शुरू किया है। उनका कहना है कि किसी भी कीमत पर प्रशासन और प्रबंधन की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कोल इंडिया ने कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों का सराउंडिंग एरिया बढ़ाने के लिए कवायद तेज की है। आसपास के क्षेत्र में कोयला का विशाल भंडार मौजूद होने और अगले कई वर्षों तक उसका दोहन करने का सर्वेक्षण पहले ही कराया जा चुका है। उसके सामने संबंधित क्षेत्र की जमीन का सर्वे करने से लेकर उसे अधिग्रहित करने की चुनौती है। इधर हरदी बाजार में ग्रामीणों ने अधिकारियों की जोर जबरदस्ती से तंग आकर अनिश्चितकालीन अनशन प्रारंभ किया है। इससे पहले ही लोग ड्रोन सर्वे पर आपत्ति जाता चुके हैं और कुछ लोगों पर तोड़फोड़ के इरादे से आने वाली टीम को उल्टे पैर वापस भी कर चुके हैं। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर सहित आंधी जनप्रतिनिधियों का सहयोग इस मामले में ग्रामीणों को लगातार मिल रहा है। अनशन में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता अजय दुबे ने बताया कि ग्रामीणों की सबसे प्रमुख मांग यही है कि सर्वे सूची सबसे पहले घोषित करने के साथ आगे की कार्रवाई की जाए। आरोप है कि अभी तक ऐसी कोई सूची प्रशासन या प्रबंधन की ओर से जारी नहीं की गई है और ना ही यहां की मूल जमीन से लेकर परिसंपत्ति की कीमत घोषित की गई। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर भूमि अधिग्रहण के मामले में नौकरी की पात्रता कितने लोगों को होगी, यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है। बसाहट का मामला भी अब तक क्लियर नहीं हो सका है। इसके अलावा और भी मुद्दे हैं, जिन पर ग्रामीण ने अपना विरोध जताया है। उनका कहना है कि इससे पहले स्थानिय स्तर पर ऐसे 100 लोगों की संपत्ति का सर्वे जोर जबरदस्ती के साथ कर लिया गया जो साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में काम करते हैं।



### बेहद कड़वे अनुभव रहे हैं लोगों के

ग्रामीणों ने कहां आएगी जब तक हमारे सभी मांगे पूरी नहीं होती और समस्याओं का समाधान जमीनी स्तर पर नहीं हो जाता, प्रशासन से लेकर प्रबंधन की मनमानी को बिल्कुल होने ही नहीं दिया जाएगा। कहा जा रहा है कि कोरबा जिले में गेवरा , दीपिका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण के मामले से जुड़े अनेक समस्याएं लंबा समय गुजारने के बाद भी जस की तस बनी हुई है। लोगों के काफी कड़वे अनुभव इस मामले में है, इसलिए वह नहीं चाहते कि एक बार फिर से पुराने अध्याय को दोहराया जाए।

## 11 करोड़ का बकाया है पानी के मामले में, वसूलने की चुनौती

### पानी की बर्बादी रोकने निगम का मिशन वरूण



**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में चाहे पीने की पानी की बात हो या निस्तार से जुड़ी सुविधाओं की। नगर निगम को अपने उपभोक्ताओं से 11 करोड़ रुपए की बड़ी धन राशि वसूलने की चुनौती है। विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाने के साथ इसकी वसूली की जा रही है। लोग निगम कार्यालय या जोन कार्यालय में भी इसका भुगतान कर सकते हैं। निगम का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द यह काम पूरा हो।

खबरों के अनुसार लंबे समय से जल कर की राशि अदा करने को लेकर उपभोक्ता समुदाय ने उतनी रूचि नहीं दिखाई जिसकी अपेक्षा थी। 67 वार्डों में उपभोक्ताओं पर जल कर की यह राशि बढ़ते हुए 11 करोड़ तक पहुंच गई है। वर्ष 2025 की स्थिति में यह आंकड़ा अपने आपमें बड़ा तो है ही, समय बीतने के साथ इस राशि में बढ़ोत्तरी भी हो रही है। नगर निगम ने आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए जल कर की बकाया राशि वसूलने का काम शुरू किया है। नगर निगम के जल प्रदाय शाखा के प्रभारी और कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि कुल बकाया की काफी मात्रा जल्द प्राप्त हो सके, इसके लिए हम इसी वित्त वर्ष की समाप्ति तक प्रयास कर रहे हैं। जिन मामलों में लोगों के पास विलंब से बिल पहुंचे हैं वे किस्तों में बिल भुगतान कर सकेंगे।



धार्मिक अनुष्ठान में कलश यात्रा और वरुण देवता का आवाहन करने का नियम है। सीतामढ़ी राम जानकी मंदिर परिसर में विष्णु महाजन के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई।

## बरेठ समाज का बनी कोर ग्रुप कमेटी

**कोरबा।** बरेठ समाज के द्वारा परिक्षेत्रों में चुनाव कराने के लिए कोर कमेटी बनाई गई है। इस कोर कमेटी की बैठक एक दिसंबर को आयोजित की गई है। यह कोर कमेटी सभी परिक्षेत्रों में जाकर चुनाव कराएगा। कोरबा जिलाध्यक्ष मिलापराम ने बताया कि 12 दिसंबर तक परिक्षेत्रों में चुनाव होना है। इसके लिए सभी इकाईयों में जानकारी दे दी गई है। कोरबा जिलाध्यक्ष पद के लिए भी बैठक होगा। कोर कमेटी के सदस्य यहां आकर बैठक लेंगे।

## स्वस्थ जीवन के लिए एनकेएच और बजरंग दल का वॉकाथन 30 को

**कोरबा।** तेज़ रफ़्तार जिंदगी में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एनकेएच हॉस्पिटल ग्रुप और बजरंग दल कोरबा द्वारा वॉकाथन 2025 का आयोजन 30 नवंबर को किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 7 बजे घंटाघर चौक से होगा, जहाँ से प्रतिभागी पैदल चलते हुए न्यू कोरबा हॉस्पिटल पहुँचेंगे।

न्यू कोरबा हॉस्पिटल ग्रुप के डायरेक्टर व प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.एस. चंदानी का कहना है कि कोरबा ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मै चाहता हूं कि कोरबावासी स्वस्थ और तन्दरुस्त रहे। भागदौड़ भरी जिंदगी में शरीर तब ही चेतावनी देता है, जब हम उसे लगातार नज़र अंदाज़ करते हैं। प्रतिदिन सिर्फ दस मिनट की वॉक न केवल दिल को मजबूत बनाती है, बल्कि शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं को नियंत्रित रखने में भी मददगार है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, मूड, फोकस और आत्मविश्वास पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

कोरबा में यह दूसरा अवसर है जब एनकेएच हॉस्पिटल ग्रुप द्वारा स्वयं वॉकाथन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों में बिगड़ती जीवनशैली के मध्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और प्रदूषण से स्वयं का बचाव करने प्रतिदिन सुबह पैदल चलने की आदत डालने के लिए प्रेरित करना है।

डॉ. चंदानी ने बताया कि वॉकाथन के समापन पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल में प्रतिभागियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शुगर, बीपी व जनरल एक्ज़ामिनेशन किया जाएगा। आयोजकों ने जिले के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस स्वास्थ्य जागरुकता अभियान को सफल बनाने की अपील की है। स्वास्थ्य के प्रति न्यू कोरबा हॉस्पिटल हमेशा तात्पर्य रहता है बीच-बीच में स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। वॉकाथन मैं पहले पहुंचने वाले 300 प्रतिभागियों को टी-शर्ट प्रदान किया जाएगा।

# पूरे रकबे का धान नहीं बेच पा रहे किसान

## सिस्टम से शिकायत, बेवजह कटौती कर दी रकबा में

**कोरबा।** राज्य सरकार धान खरीदी में किसानों के साथ धोखा छल कर कम धान खरीदी किये जाने से किसानों में सरकार के प्रति गुस्सा आक्रोश फूटने लगा है। वहीं कांग्रेस कमेटी के ब्लाक उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद हीरालाल यादव ने राज्य सरकार पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

15 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी में किसानों के रकबा कम किये जाने से किसानों के कम धान खरीदा जा रहा जिससे क्षेत्र के किसान रकबा को सुधारने के लिए तहसील और वितरण केंद्र की चक्कर लगाने के बावजूद रकबा में कोई सुधार नहीं हो रहा है मजबूरन कम धान बेचना पड रहा है धान खरीदी में कटौती किए जाने से किसानों में राज्य सरकार के प्रति गुस्सा फुटने लगा है । खरीदी केंद्र में पहुंचे किसानों ने बताया जो किसान पिछले वर्ष 160 क्विंटल धान बिक्री किया था उस किसान का इस बार 60 क्विंटल धान बिक्री के लिए टोकन काटी गई है। उमेंद कुवंर नामक महिला पिछले वर्ष 215 क्विंटल धान बिक्री किया था इस बार 119 क्विंटल धान बिक्री के लिए पंजीयन किया गया है 96 क्विंटल धान का कम पंजीयन किया गया है इसके अलावा क्षेत्र के लगभग 400 किसानों का पंजीयन किया ही नहीं गया है जो पंजीयन के लिए तहसील व वितरण केंद्र का चक्कर लगा रहे है । किसानों का कहना है हल्का पटवारी द्वारा घर बैठे गिरदावरी किये जाने से रकबा कम करके बनायी गई है नियमत: किसानों के खेतों में जाकर गिरावदरी करनी थी परंतु नियम को दरकिनार कर बनाई गई जिससे क्षेत्र के अधिकतर किसान धान बिक्री से वंचित हो रहे हैं। वहीं केंद्र प्रबंधक व कर्मचारी का कहना है खसरा व रकबा पंजीयन होने के बाद भी पोटर में नहीं बताये जाने से केंद्र प्रबंधक कंप्यूटर आपरेटर भी परेशान हैं। किसानों के बीच धान खरीदी में हो रही परेशानी को देखते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी कटघोरा उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद हीरालाल यादव ने धान खरीदी केंद्र पहुंच कर किसानों की समस्याओं से चर्चा कर रुब रुब हुए तथा धान खरीदी में राज्य सरकार द्वारा किसानों के साथ कि जा रही धोखा को बर्दाश्त नहीं की जायेगी सरकार के खिलाफ जन आंदोलन किया जायेगा।

## सुभाष ब्लॉक मार्ग के गड्ढे कर रहे परेशान

**कोरबा।** चाह कर भी एसईसीएल सुभाष ब्लॉक के मुख्य मार्ग के गड्ढों का सुधार नहीं हो सका है। कई स्थान पर इनकी उपस्थिति आवागमन में बाधा बनी हुई है। लोगों की शिकायत है कि एसईसीएल प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासन को जानकारी है लेकिन वह सुधार की दिशा में उदासीन बना हुआ है।

## प्रकृति के साथ समन्वय बनाए हुए है जनजातीय समाज



**कोरबा।** शासकीय महाविद्यालय करतला में जनजातीय गौरव दिवस सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जुड़वन सिंह ठाकुर प्रांत अध्यक्ष, विद्या भारती ने कहा कि जनजातीय समाज ने सदियों से प्रकृति संरक्षण, सामाजिक एकता और साहसिक जीवन मूल्यों को संजोकर रखा है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की। मुख्य वक्ता रघुराज सिंह उइके, अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम ने कहा कि जनजातीय नायक इतिहास के नाम मात्र नहीं, बल्कि प्रेरणा के ज्वलंत स्तंभ हैं। उन्होंने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और संघर्ष की शक्ति से राष्ट्र की रक्षा की। युवा पीढ़ी को उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज और देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य, वाद-विवाद, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजातीय गौरव का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि पुष्पराज सिंह जिला संयोजक जनजाति सुरक्षा मंच, बीरबल सिंह, लोक कला आयाम प्रमुख ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सपना मिश्रा ने किया। मनीषा मिंज टोप्पो ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य मृगेश कुमार यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी दोनों बढ़ती हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

# नहीं आया चावल का कोटा, पचरा में हर महीने इस बहाने को सुन परेशान हैं लोग

**कोरबा।** जिले के पचरा ग्राम पंचायत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी पीडीएस की अव्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों को समय पर राशन नहीं मिल रहा और जिम्मेदार अधिकारी समस्या को दूर करने की बजाय पल्ला झाड़ते नज़र आ रहे हैं।

पचरा ग्राम पंचायत में राशन वितरण की समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां लगातार एक महीने लेप्स होकर चावल पहुंच रहा है। नवंबर माह का चावल अब तक गांव नहीं पहुंचा, जबकि नियम के अनुसार हर महीने का चावल उसी माह में पीडीएस दुकान तक पहुंचकर ग्रामीणों को वितरित होना चाहिए। लेकिन पचरा पंचायत में हालात बिल्कुल उलटे हैं।



अक्टूबर का चावल सितंबर में, और नवंबर का चावल अक्टूबर में ही वितरण दिखा दिया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत के कुल आबंटन के अनुसार हर महीने 163 क्विंटल चावल पहुंचना चाहिए, लेकिन अक्टूबर में सिर्फ 100 क्विंटल और नवंबर में 150 क्विंटल चावल ही भेजा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह नवंबर का नहीं बल्कि अक्टूबर महीने का चावल है। नान गोदाम से फ़ूड इंस्पेक्टर के निर्देश पर चावल भेजा जाता है, ऐसे में पचरा पंचायत में राशन वितरण में लगातार हो रही गड़बड़ी प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती है। और इस लापरवाही का खामियाज़ा सीधा गरीब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

## कब होगा चना उपलब्ध

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस सोसाइटियों से लगभग पांच महीने से लोगों को चना नहीं मिल रहा है। लोग लगातार इस बारे में पूछताछ कर रहे हैं। उन्हें डर है कि कहीं उनके नाम का चना कोई और न डकार ले। वहीं पीडीएस संचालकों का कहना है कि नागरिक आपूर्ति निगम स्तर पर टेंडर होना है, इसके बाद ही कुछ हो सकेगा।

# राष्ट्र प्रेम होता है देश के विकास का आधार: गोभिल

## स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी कॉलेज में मनाया संविधान दिवस

**कोरबा।** संविधान दिवस पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा में आई.क्यू.ए.सी एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र में भारत की स्थिति' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय ई.वी. पी.जी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एस. के. गोभिल ने प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती शिखा शर्मा ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुआ। अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र में भारत की स्थिति' विषय पर मुख्य वक्ता डॉ. एस. के. गोभिल ने अपने व्याख्यान में विकसित राष्ट्र के विकास के कारणों को बताते हुए कहा कि वहां के नागरिकों में राष्ट्र प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। दूसरा ऐसे देशों ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले और तीसरा



भ्रष्टाचार का ना होना है। भारत आज विश्व की शीर्ष पाँच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और निरंतर तेज़ विकास दर के साथ अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंचों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की आई.वयू.ए.सी. समन्वयक डॉ. डेज़ी कुजूर ने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति का आधार उसके संविधान में निहित समता, न्याय और अवसरों की समानता की भावना है। संचालन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कार्यरत श्रीमती मधु यादव अतिथि व्याख्याता के द्वारा किया गया । इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. की सहायक समन्वयक सुश्री पूजा सिंह, सुश्री दिव्या पटेल सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता नुपिता सेन यादव, शैलेश माहेश्वरी, आशिया खान, सुदीक्षा कुंडू पूनम साहू, अतिथि ग्रंथपाल राजेश साहू एवं बड़ी संख्या वि विद्यार्थी उपस्थित हुए।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com